RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 92 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सोमवार, 28 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

▶ वसुधैव कुटुंबकम भूल जाइए, अब परिवार एक रखना चुनौती बना

## जिन परिवारों में शक्ति का घोर असंतुलन वहां मध्यस्थता और भी ज्यादा खतरनाक

### जस्टिस नागरत्ना ने कहा, मध्यस्थता अदालती फैसले का स्थान नहीं ले सकती, महिलाओं की मोल-भाव करने की स्थिति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसका कानूनी हक

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने शनिवार को पारिवारिक झगड़ों में मध्यस्थता के प्रति सावधान किया है। उनका कहना है कि जो महिलाएं हिंसा की शिकार हैं, जिन्हें कठोर नियंत्रण में रखा जाता है और जिन परिवारों में शक्ति का घोर असंतुलन है, वहां मध्यस्थता से और भी ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने गुवाहाटी में सुप्रीम कोर्ट की फैमिली कोर्ट से जुड़ी समिति के रीजनल कॉन्फ्रेंस में कहा कि मध्यस्थता अदालती फैसले का स्थान नहीं ले सकती।



उनका यह भी कहना है कि महिलाओं की मोल-भाव करने की स्थिति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसका कानूनी हक। जस्टिस नागरत्ना ने पारिवारिक विवाद को लेकर महिलाओं के नजरिए से कहा कि मध्यस्थता में तेजी से सुनवाई होती है, प्राइवेसी रहती है और गोपनीयता होती है। इससे महिलाओं को स्त्रीधन की वापसी, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और किश्तों की जगह एकमुश्त रकम पर फैसला लेने में आसानी होती है। लेकिन, उन्होंने साफ कहा कि जहां महिलाएं हिंसा से पीड़ित हैं और उन्हें दबाकर रखा गया है, वहां इसमें दिक्कत आती है। उन्होंने कहा, मैं यह जोर देकर कहना चाहती हूं कि जहां हिंसा होती है, जबरदस्ती नियंत्रण या शक्ति का गंभीर असंतुलन है, वहां इनमें से कुछ भी लागू नहीं होता।

### मध्यस्थता कानून में बदलाव की जरूरत

**जस्टिस** अंजारिया ने मध्यस्थता प्रक्रिया और मध्यस्थता कानून में एक कमी की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि शादी टूटने से जुड़े कई मामलों में मध्यस्थता के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से तलाक पर समझौता कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा मामला सुप्रीम कोर्ट में आता है, तो सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत कार्रवाई करता है। लेकिन निचली अदालतों और हाईकोर्ट के पास मध्यस्थता से हुए समझौते के आधार पर तुरंत तलाक की डिक्री देने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि समझौता बना रहता है, लेकिन तलाक की डिक्री जारी नहीं हो पाती। इसके बाद पक्षों को संयुक्त आवेदन देना पड़ता है और एक बार फिर मुकदमेबाजी से गुजरना पड़ता है। जस्टिस अंजारिया ने मध्यस्थता कानून की धारा 27 का भी जिक्र किया। यह धारा मध्यस्थता से हुए समझौते और उसकी शर्तों को लागू करने से जुड़ी है, लेकिन अभी तक लागू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस धारा के तहत समझौता बाध्यकारी और लागू करने योग्य होना चाहिए।

### फैमिली विवाद की स्थिति मौजूदा समय में और खराब

**सुप्रीम** कोर्ट के जज जस्टिस एनवी अंजारिया ने पारिवारिक विवादों पर कहा कि कोर्ट से मिले समाधान अक्सर नकली लगते हैं। कई पक्षों को लगता है कि उन पर न्याय थोपा गया है, जो उनके लिए भ्रम जैसा होता है और अन्याय का रूप ले सकता है। जस्टिस अंजारिया ने पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता को सबसे सही बताया। उन्होंने कहा कि ये इंसानी भावनाओं और संवेदनशीलता से जुड़े विवाद होते हैं। जस्टिस अंजारिया गुवाहाटी में ईस्टर्न जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस में पहुंचे थे। जहां वे फैमिली विवादों में एडीआर बनाम न्यायिक फैसला: चुनौतियां और आगे का रास्ता विषय पर मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे। फैमिली मुकदमों में बढ़ोतरी के संदर्भ में जस्टिस अंजारिया ने कहा, भारत के संस्कार और वसुधैव कुटुंबकम को भूलिए। अब हम एक परिवार को भी एकजुट रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फैमिली विवाद इंसानी भावनाओं और संवेदनशीलता से जुड़े होते हैं। ऐसे विवादों में कोर्ट या जजों के बनाए गए कानूनों से निकले समाधान कई बार आर्टिफिशियल हो जाते हैं। फैमिली विवादों की बढ़ती संख्या का मुद्दा जस्टिस कुरियन जोसेफ ने 2008 में ही उठाया था। उन्होंने कहा, कई मामलों में पक्षों को लगता है कि उन पर न्याय थोपा गया है। जब न्याय थोपा या लादा जाता है, तो वह भ्रम जैसा होता है और अन्याय का रूप ले लेता है। जस्टिस अंजारिया ने दो दिन चले सम्मेलन के समापन समारोह में कहा कि फैमिली विवाद का समाधान सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रक्रिया भी है।

एसआईआर विवाद पर सीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## राहुल गांधी इस्तीफा दें, उनसे अपना कुनबा नहीं संभल रहा

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एंटी भाजपा नहीं, एंटी नेशनल जैसी बातें कर रहे



● भोपाल

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी से अपना कुनबा नहीं संभल रहा है। वे अपने साथ खड़े लोगों की गिरेबान में हाथ डालते-डालते उनकी गर्दन दबाने में लगे हैं।

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी से इस्तीफा देने और एसआईआर को लेकर लगाए गए आरोपों पर माफी मांगने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के बीच बढ़ती दूरी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले अपना गठबंधन और संगठन संभालना चाहिए। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस का अपना कुनबा ही बिखर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए उससे जिम्मेदार और मर्यादित आचरण की अपेक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपने 'राजकुमार' को समझाना चाहिए।

### संवैधानिक संस्था को कांग्रेस पार्टी बना रही है निशाना

**प्रदेश** अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर की सामान्य प्रक्रिया को राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्तों ने सर्वसम्मति से एसआईआर की प्रक्रिया को सही बताया है। चुनाव आयोग ने भी स्पष्ट किया है कि विचार-विमर्श सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और फार्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खंडेलवाल ने राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका पुराना रिकार्ड संस्थाओं को अपमानित करने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एंटी भाजपा नहीं, बल्कि एंटी नेशनल जैसी बातें कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पास यदि चुनाव आयोग या ईवीएम को लेकर कोई ठोस दस्तावेज हैं तो उन्हें सामने रखना चाहिए। केवल आरोप लगाने से संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता लोकतंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ी है।

## मंत्री प्रवेश वर्मा ने युवक को जड़ा थप्पड़



● नई दिल्ली / आरएनएन

### अरविंद केजरीवाल ने की मंत्री प्रवेश वर्मा की गिरफ्तारी की मांग

दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने तिलक नगर इलाके में एक स्थानीय युवक को थप्पड़ मार दिया। यह घटना तब हुई जब मंत्री एक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे थे। घटना पर अरविंद केजरीवाल ने गुस्सा जाहिर किया और मंत्री की गिरफ्तारी की मांग की। वहां स्थानीय विधायक जरनैल सिंह भी मौके पर पहुंचे और सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाने लगे। दोनों के बीच बहस छिड़ गई। इसी दौरान प्रवेश वर्मा आवेश में आ गए।

## 3 दिन की बैंक हड़ताल स्थगित

### आईबीए व यूएफबीयू के बीच बनी सहमति, आम लोगों को राहत

● नई दिल्ली

इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बीच रविवार को हुई बैठक के बाद प्रस्तावित बैंक हड़ताल टाल दी गई है। रविवार रात लगभग 9:30 बजे इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की बैंक हड़ताल को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में बैंक यूनियन की मांगों समेत अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच कुछ फैसलों को लेकर सहमति बनी है। शनिवार को छुट्टी घोषित किए जाने के मुद्दे पर आईबीए और यूएफबीयू की एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी सभी संभावित विकल्पों पर विचार करेगी और हितधारकों के साथ चर्चा कर कोई समाधान निकालेगी। वहीं, स्केल 4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए पीएलआई (प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन) स्कीम को लेकर यूनियनों और एसोसिएशनों की आपत्तियों और सुझावों के मद्देनजर इसमें बदलाव का प्रस्ताव सरकार को भेजे जाने पर आईबीए के साथ चर्चा शुरू की जाएगी।

### क्या थी प्रमुख मांग

**बैंक** यूनियन लंबे समय से हर शनिवार छुट्टी और 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग कर रही हैं। यूनियनों की मांग है कि सोमवार से शुक्रवार तक बैंक में कामकाज हो और शनिवार-रविवार को साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। इसके बदले सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना कामकाज के समय में 40 मिनट की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। यानी शनिवार की छुट्टी की भरपाई पांच कार्यदिवसों में रोजाना 40 मिनट अतिरिक्त काम से करने का प्रस्ताव है। बैंक यूनियनों का कहना है कि इससे 5 डे वीक लागू होने के बाद भी काम के कुल घंटों में संतुलन बनाया जा सकता है।

### 10 साल बाद रविवार को खुले बैंक

**27** सितंबर को रविवार को छुट्टी होने के बावजूद सरकारी बैंक खुले। रविवार को आम लोगों के लिए बैंक खुलने का मौका 10 साल बाद आया था। इससे पहले, 2016 में नोटबंदी के बाद 14 नवंबर को रविवार के दिन बैंक खुले थे। तब पुराने 500 और 1000 के नोट बदलने, जमा करने और कैश निकालने के लिए लोग बैंकों में लाइन में लगे थे। भीड़ संभालने के लिए सरकार ने रविवार को भी बैंक खोलने का फैसला लिया था। इस बार तीन दिन की बैंक हड़ताल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के बाद सरकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खुले रहे।

एशियन गेम्स

## भारत ने 8वें दिन जीते सात पदक




● आइची-नागोया

एशियन गेम्स में भारत के लिए आठवां दिन शानदार रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स और स्क्वैश में दमदार प्रदर्शन करते हुए चार रजत समेत सात पदक जीते। इसके साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 37 हो गई है। एथलेटिक्स में सर्वेश कुशारे ने पुरुष हाई जंप में 2.25 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।

इसके साथ उन्होंने इस स्पर्धा में भारत को 56 साल बाद पदक दिलाया। एंसी सोजन ने महिला लॉन्ग जंप में 6.53 मीटर की छलांग लगाकर रजत जीता। पारुल चौधरी ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:08.67 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 7934 अंक के साथ कांस्य जीता, जबकि हरिता भद्रा ने 200 मीटर में 23.20 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। स्क्वैश में भारत की अनाहत सिंह और अभय सिंह ने सिंगल्स में रजत पदक जीते।

## देश को मिली पहली LNG ट्रेन, शाह ने दिखाई हरी झंडी

### अहमदाबाद में गृहमंत्री अमित शाह बोले, 2030 तक जीरो होगी डीजल की खपत

● अहमदाबाद / आरएनएन




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद के साबरमती रेलवे स्टेशन से देश की पहली एलएनजी से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और 1,472 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

शाह ने इसके साथ ही अहमदाबाद में लगभग 1,472 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न रेलवे प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की खूब तारीफ की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज हम साबरमती की उस धरती पर खड़े हैं, जो आत्मबल और सत्य के प्रयोगों की धरती है। यहीं से कुछ ही किलोमीटर दूर बापू ने साबरमती आश्रम को पूरे देश की आजादी के आंदोलन का केंद्र बनाया था। यहीं पर बापू ने सत्याग्रह, सादा जीवन, ग्रामीण विकास और खादी, इन सभी प्रयोगों को ज़मीनी स्तर पर उतारने की शुरुआत की थी। आज साबरमती मंडल में भारतीय रेलवे की विविध परियोजनाएं शुरु हो रही हैं। कुछ परियोजनाएं पर्यावरण से जुड़ी हैं, कुछ लोगों की सुविधा से जुड़ी हैं और कुछ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी हैं। अमित शाह ने इस मौके पर कहा कि साबरमती रेलवे स्टेशन में एक अकल्पनीय बदलाव आया है।

## एनटीए की सुरक्षा करेगी अब CISF

**नई दिल्ली, आरएनएन।** पेपर लीक को लेकर लगातार उठते सवालों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई दिल्ली स्थित एनटीए कार्यालय में अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ के 39 जवान तैनात किए गए हैं। ये जवान परीक्षा से जुड़े गोपनीय क्षेत्रों की निगरानी, प्रवेश नियंत्रण और कर्मचारियों व आगंतुकों की जांच की जिम्मेदारी संभालेंगे। संवेदनशील परीक्षा सामग्री तक किसी भी अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए गोपनीय क्षेत्रों को अलग से चिह्नित किया गया है। सीआईएसएफ को मिंटो रोड स्थित भारत सरकार के प्रेस भवन में बनाए गए गोपनीय क्षेत्रों के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर तैनात किया गया है।

### 39 जवान संभालेंगे गोपनीय क्षेत्र

सीधी बात | बिल गेट्स बोले- कंपनियों के भरोसे नहीं बैठ सकते, इतना घातक हथियार इतिहास में पहले कभी नहीं बना

## कड़े कानून नहीं बने तो एआई से होंगी 100 करोड़ मौतें

● नई दिल्ली

टेक दिग्गज और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने एआई को लेकर बहुत बड़ी बात कह दी है। उनका कहना है कि अगर ये तकनीक गलत हाथों में गई, तो 100 करोड़ लोग अपनी जान से हाथ धो बैठेंगे।




उनका कहना है कि इतिहास में कभी एआई जैसा एडवांस टूल मौजूद नहीं रहा और गलत हाथों में जाकर यह घातक हथियार बन सकता है। बिल गेट्स की मांग है कि इसे लेकर सरकार को कानून बनाना चाहिए। गौर करने वाली बात है कि यह चेतावनी उस समय सुनने को मिली है, जब एआई के आपे से बाहर होकर दूसरी वेबसाइट्स को निशाना बनाने और मिसाइल सॉफ्टवेयर तक में एआई के इस्तेमाल की कोशिशों ने दुनियाभर में हलचल मचा रखी है।

एक कार्यक्रम में दिए एक इंटरव्यू में बिल गेट्स ने कहा कि एआई बेहद शक्तिशाली है और गलत मंशा रखने वाले लोग इसके जरिए भारी तबाही मचा सकते हैं। इस इंटरव्यू में गेट्स यह भी कहने से नहीं झिझके कि एआई 100 करोड़ मौतों की वजह बन सकता है।

### एआई रेगुलेशन पर बढ़ रही बहस

**बिल गेट्स** की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब दुनिया भर में एडवांस एआई मॉडल्स की सुरक्षा और रेगुलेशन को लेकर बहस तेज है। एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई ने भी एडवांस एआई के विकास की स्पीड और सुरक्षा मानकों को लेकर चिंता जताई है। वहीं, एआई इंडस्ट्री में इस बात पर चर्चा चल रही है कि सरकारों और कंपनियों की जिम्मेदारी किस तरह तय की जाए। गेट्स के बयान से एक बात साफ है कि एआई की क्षमताएं बढ़ने के साथ उसके सुरक्षित विकास, निगरानी और दुरुपयोग रोकने के नियम अब ग्लोबल चर्चा का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

### कानून बनाना क्यों जरूरी

**अपने** इंटरव्यू में बिल गेट्स ने इस बात पर जोर दिया है कि वाशिंगटन को एआई पर नजर रखने के लिए कड़े कानून बनाने चाहिए। उनका कहना है कि अब कंपनियों को सेल्फ-रेगुलेशन के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने माना कि कड़े नियमों से इंडस्ट्री पर थोड़ा बोझ बढ़ेगा लेकिन इससे एआई के विकास की रफ्तार धीमी नहीं होगी। अब कंपनियों के ''सेल्फ-रेगुलेशन'' के भरोसे नहीं रहा जा सकता, सरकार को कड़ा कानून बनाना ही होगा। भले बिल गेट्स ने एआई को लेकर कानून बनाने की बात कही हो और खुद OpenAI के सैम ऑल्टमैन और Anthropic के डारियो अमोडेई ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की वकालत की है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसके खिलाफ हैं। हाल ही में इसे लेकर ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक भी हुई थी लेकिन उसमें भी इस तकनीक को नियंत्रित करने को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में कहा नहीं जा सकता कि अमेरिकी सरकार इसे लेकर कोई नियम बनाएगी या नहीं।

## रनवे से टकराया इंडिगो विमान का पिछला हिस्सा

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हादसा, प्लेन की हुई सुरक्षित लैंडिंग

● बेंगलुरु, आरएनएन




गुवाहाटी से बेंगलुरु आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6542 रविवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान टेल स्ट्राइक का शिकार हो गई। विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। हालांकि प्लेन सुरक्षित उतर गया और सवार सभी यात्री व क्रू सदस्य सुरक्षित बाहर आए। बताया जा रहा है कि यह घटना दूसरी लैंडिंग कोशिश के दौरान हुई। पहली बार जब फ्लाइट बेंगलुरु पहुंचने वाली थी, तब पायलट ने लैंडिंग पूरी नहीं की और विमान को चक्कर कटवाया। दूसरी बार उतरते समय विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। इसके बावजूद दूसरी कोशिश में दोपहर 1.34 बजे प्लेन सामान्य तरीके से लैंडिंग की। बता दें कि टेल स्ट्राइक के दौरान लैंडिंग के समय विमान का पिछला सिरा जमीन से टकरा जाता है।

# जुझार जी महाराज की मूर्ति दूसरी बार खंडित, तेली समाज में आक्रोश, 5 महीने में दोबारा घटना, पुलिस जुटी जांच में

स्मार्ट हलचल





**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** असामाजिक तत्वों की दुस्साहस भरी करतूतों से भीलवाड़ा का माहौल गरमा गया है। प्रताप नगर स्कूल ग्राउंड स्थित तेली समाज के प्राचीन जुझार जी के पवित्र स्थान पर रविवार सुबह जुझार जी की मूर्ति फिर से असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दी गई। महज 5 महीने के भीतर लगातार दूसरी बार हुई इस घिनौनी घटना से तेली समाज और हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया है। घटना की खबर आग की तरह फैलते ही तेली समाज के लोग, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर जमा हो गए। लोगों का गुस्सा इस बात पर फूट पड़ा कि 5 महीने पहले भी इसी मूर्ति को खंडित किया गया था, जिसकी बाकायदा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस की नाकामी और सुस्त रवैये के चलते आज तक दोषियों को पकड़ा नहीं जा सका। पुलिस की इसी ढिलाई के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने दोबारा इस वारदात को अंजाम दे डाला! तेली समाज के लोगों ने बताया कि प्रताप नगर स्कूल ग्राउंड में वर्षों पहले चबूतरा बनाकर जुझार जी की स्थापना की गई थी, जहां समाज के लोग पूजा-अर्चना करते हैं। रविवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे, तो वहां जुझार जी की मूर्ति टूटी पड़ी मिली। यह नजारा देखते ही समाज के लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। समाज के प्रतिनिधियों और हिंदू संगठनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपनी सख्त नाराजगी जाहिर की और असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल और कठोरतम कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर वार्ड नंबर 19 के निर्दलीय पार्षद शिवराज गुर्जर भी मौके पर पहुंचे और भविष्य में इस स्थान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के सह संगठन मंत्री सुशील सुवालका, तेली समाज के रमेश तेली, रतन तेली, जगदीश तेली, भैरू तेली सहित बड़ी संख्या में आक्रोशित लोग मौजूद रहे। समाज के लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि इस बार केवल मुकदमा दर्ज करने से काम नहीं चलेगा, दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। महानगर सह मंत्री, विश्व हिंदू परिषद के सुशील कुमार सुवालका ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में ना जाने क्या हो चुका है यह। आए दिन हम लोग मूर्ति तोड़ने जैसी घटनाएं, केवल हिंदू समाज के लिए ऐसी घटनाएं हम देखते आ रहे हैं। इसी क्रम में आज से पूर्व 5 महीने पूर्व, आज दिनांक 27 सितंबर 2023 से 5 महीने पूर्व जहां पर प्रतापनगर स्कूल में स्थित जुझार जी बावजी, तेली समाज का जो जुझार जी बावजी की स्थापना है, वहां पर जुझार जी बावजी की मूर्ति को पहले भी खंडित करके, तोड़ के, टुकड़े-टुकड़े करके डाल के जा चुके हैं विधर्मी, असामाजिक तत्व। ऐसे लोगों को आज तक, पिछले 5 महीने से आज तक नहीं पकड़ा गया है और आज फिर से यह घटना दोहराई गई है। हमें पता चलने पर हम लोग यहां एकत्र हुए, समाज जन एकत्र हुए। समाज में पर्याप्त रूप में रोष व्याप्त है और समाज के सभी लोग आज शाम को बैठक करके कल सुबह कलेक्ट्रेट में एसपी साहब को और माननीय कलेक्टर साहब को ज्ञापन देने की रचना बनाने जा रहे हैं। इसके साथ विश्व हिंदू परिषद महानगर भीलवाड़ा की संपूर्ण टीम साथ में लग के और तेली साहू समाज को पूरा एक तरह से सहयोग करेगी और इस प्रकार के कृत्य दोबारा ना हों उस पर प्रशासन से मदद की गुहार करेगी कि आप कम से कम अपराधियों को, इस प्रकार की जो घटना घटित कर रहे हैं, उनको जल्द से जल्द पकड़ें और जा- क- ज्यादा से ज्यादा दंड उनको दें। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुनील टाडा ने बताया कि आज तेली समाज द्वारा एक अवगत कराया गया कि उनका जो झुंझार जी का चबूतरा है, उसके ऊपर उसकी पूजा करते हैं, वहां पे किसी ने आके अह पिछले विगत दिनों में मूर्ति को खंडित कर दिया है। जिसके संबंध में उनके द्वारा रिपोर्ट लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और इस संबंध में यहां पर स्थानीय पार्षद व अन्य लोगों से जनसहयोग से मिला के यहां पे एक स्थाई सोलर कैमरा लगाने की भी व्यवस्था की जा रही है जिससे इस प्रकार की घटनाएं दोबारा ना हों और अभी हुई घटना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई जारी है।'

## अरनिया रासा की साक्षी जाट का 14 वर्ष छात्रा हॉकी में राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-।** अरनिया रासा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनिया रासा की कक्षा 9 की 14 वर्ष छात्रा वर्ग की प्रतिभावान खिलाड़ी साक्षी जाट का हॉकी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। साक्षी के राज्य स्तर पर चयन से विद्यालय सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रीति कुमावत, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने साक्षी जाट तथा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक नरेश कुमार खटीक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय की छात्रा का राज्य स्तर पर चयन विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने साक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। शारीरिक शिक्षक नरेश कुमार खटीक ने बताया कि साक्षी ने नियमित अभ्यास और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विद्यालय के सहयोग, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों ने साक्षी जाट को बधाई देते हुए आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सरदार नगर ने जीता जिला स्तरीय बास्केटबॉल का खिताब



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजेन्द्र मार्ग उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीलवाड़ा में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। फ इनल में सरदार नगर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन क रते हुए संगम स्कूल, भीलवाड़ा को 43-21 के बड़े अंतर से हराकर जिला चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। शुरुआत से ही सरदार नगर के खिलाड़ियों ने आक्रामक रणनीति अपनाई और पूरे मैच में अपनी बढ़त बनाए रखी। टीम के सटीक पास और बेहतरीन डिफेंस के सामने विपक्षी टीम टिक नहीं पाई। फाइनल मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मैदान में पहुंचे थे। दर्शकों की तालियों और नारों ने खिलाड़ियों का हौसला दोगुना कर दिया, जिससे पूरे मैदान में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। टीम के कोच शाहरुख पठान ने बताया कि 'खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीमवर्क का परिचय दिया। फाइनल में टीम ने बनाई गई रणनीति के अनुसार ही खेला, जिसका नतीजा जीत के रूप में सामने आया।' इस शानदार जीत के बाद सरदार नगर में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने पूरी विजेता टीम को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एक साल से पुलिस को छकाता रहा 5 हजार का इनामी आरोपी, आखिरकार दबोचा

**बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में टॉप-10 वांछित आरोपी को पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पकड़ा, टीम ने फाइनेंस कर्मी बनकर बिछाया जाल...**

स्मार्ट हलचल



**अलकेश पारीक जहाजपुर।** थाना जहाजपुर पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर ?5 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दिलखुश पुत्र बाबूलाल मीणा, उम्र 26 वर्ष, निवासी कुराड़िया, थाना जहाजपुर के खिलाफ नाबालिग पीड़िता की माता ने 4 सितंबर 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बलात्कार सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी थी, जबकि दिलखुश फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी अपने ठिकाने बदलता रहता था और मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नहीं करता था। वह बूंदी, कोटा और झालावाड़ की तरफ ट्रक ड्राइविंग करने चला गया था। ऐसे में पुलिस के सामने आरोपी तक पहुंचना चुनौती बना हुआ था। मुखबिर से मिली सूचना और लगातार किए गए प्रयासों के बाद पुलिस टीम को आरोपी के अजमेर-दौसा क्षेत्र की तरफ ट्रक चलाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने उसके संभावित ठिकाने की जानकारी जुटाई। आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के बाद टीम के सदस्यों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी बनकर उससे संपर्क किया और उसे विश्वास में लेकर पकड़ लिया। आरोपी को 26 सितंबर 2026 को गिरफ्तार कर अनुसंधान के लिए पुलिस थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

**सात सदस्यीय टीम ने निभाई अहम भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी दयाराम चौधरी, पुलिसकर्मी काशीराम, भगवान, मंगल सिंह, राधेश्याम और विक्रम सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी में टीम ने लगातार सूचना तंत्र विकसित कर तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर प्रयास किए। पुलिस का कहना है कि महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मातृकुंडिया में पंचमुखी महादेव मंदिर का शिलान्यास व भूमि पूजन भामाशाहों ने की 1.52 करोड़ रुपये से अधिक की घोषणा

स्मार्ट हलचल



**गुरला गुरला/** मातृकुंडिया अखिल मेवाड़ राज माली समाज ट्रस्ट मातृकुंडिया की ओर से मातृकुंडिया में राज माली समाज की धरोहर स्वामित्व भूमि पर पंचमुखी महादेव मंदिर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने बताया कि शुभ मुहूर्त में सुबह 6:33 बजे भूमि पूजन कर मंदिर निमांण की नींव की खुदाई शुरू की गई। इसके बाद सुबह 11 बजे मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले समाज के भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलोला हाल इंदौर निवासी मदनलाल माली तथा विशिष्ट अतिथि अखिल माली समाज समिति मुंबई के अध्यक्ष धर्मेंद्र माली, गणेशलाल माली, देवीलाल माली,नवसारी से वजेराम माली, बंशीलाल माली, उंझा से हीरालाल माली, अहमदाबाद से अर्जुनलाल माली, विष्णुलाल माली, इंदौर से मोहनलाल माली तथा उदयपुर से माली पंचायत संस्थान के अध्यक्ष कैलाश चंद्र माली रहे। अतिथियों का ट्रस्ट प्रबंधकारिणी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। 1.52 करोड़ की घोषणा, इंदौर के मदनलाल माली सबसे बड़े भामाशाह पंचमुखी महादेव मंदिर निर्माण केलिए समाज के भामाशाहों द्वारा अब तक करीब 1.52 करोड़ रुपए की सहयोग राशि की स्वघोषणा की जा चुकी है, जिसमें हर घर सहयोग राशि भी शामिल है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य अतिथि मदनलाल माली इंदौर ने सर्वाधिक 7 लाख 51 हजार 151 रुपए की राशि देने की घोषणा की समारोह में ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेटबीएल माली ने समाज विकास पर प्रकाश डालते हुए भामाशाहों से मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग की अपील की। साथ ही ट्रस्ट की बैलेंस शीट का वाचन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक घीसुलाल माली, बद्रीलाल भोई, गिरधारीलाल माली, प्रेमशंकर माली, जिला उपाध्यक्ष लालूराम माली, लादूलाल माली, जगदीशचंद्र भोई, शांतिलाल माली, सचिव भगवानलाल माली, सह सचिव कालूराम माली, कोषाध्यक्ष लादूलाल माली, महामंत्री नारायणलाल माली, संगठन मंत्री हीरालाल माली, शंकर माली, रतनलाल माली, जिला सचिव मांगीलाल, हैजा चौखला उपाध्यक्ष पन्नालाल माली, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र माली सहित समाजजन मौजूद रहे। चांदी की ईट से हुआ शिलान्यास, शुरू किया निर्माण मंदिर निर्माण का पूजन कांकरोलीके आचार्य दिनेश चंद्र शर्मा ने विधि-विधान से संपन्न कराया। निर्माण ठेकेदार नरेंद्र नरेंद्र सोमपुरा मंडोरा एवं फाउंडेशन ठेकेदार विनोद भोई आमेट ने ले-आउट प्लान के साथ शिलान्यास कार्य का शुभारंभ किया। पूजा-अर्चना के दौरान सुरेश चंद्र राज माली मंडियाना ने चांदी की ईंट भेंट की। शाम 5:13 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर निर्माण का औपचारिक शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के विधि सलाहकार मंत्री सीए राजेंद्र गाली कोठारिया एवं डालचंद कुमावत ने किया।

## जिलास्तरीय जूडो प्रतियोगिता का हुआ समापन पुर और दरीबा का रहा दबदबा



स्मार्ट हलचल

**गुरला:-** राउमावि गाडरमाला में आयोजित 70 वीं जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग का समापन समारोह सहाड़ा विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य, प्रकाश जाट अध्यक्ष नगर पालिका हमीरगढ़ की अध्यक्षता एवं रणदीप त्रिवेदी,रतन लाल चौधरी पूर्व डेयरी चेयरमेन ,बद्री लाल जाट प्रशासक गाडरमाला,भंवर लाल जी ओबीसी प्रकोष्ठ, अशोक जाट प्रशासक देवली,मांगीलाल गाडरी प्रशासक दुड़िया,शंकर लाल कुमावत उपाध्यक्ष सहकारी समिति,छोटु सिंह पुरावत मंडल अध्यक्ष खेराबाद,शंकर सिंह राठौड जिला ओबीसी प्रकोष्ठ, सत्यनारायण अग्रवाल ब्लॉक उपाध्यक्ष,जमना लाल सुथार उप प्रशासक ,सुमन कौशिक संगठन महासचिव,शिवजी गौड़ पूर्व उपसरपंच,जफर मीर पूर्व यूथ अध्यक्ष, जमना लाल गाडरी, कालु लाल शर्मा के आतिथ्य एवं दशरथ पुरी गोस्वामी शाशि ज़िला शिक्षा अधिकारी, विभागीय प्रतिनिधि देवी लाल प्रजापत की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संयोजक प्रधानाचार्य जयवर्धन हावा ने बताया कि सर्वप्रथम वंदेमातरम् का गायन हुआ तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ,प्रशासक बद्री लाल जाट ने शब्द सुमन से अतिथियों का स्वागत किया,मुख्य तकनीकी सलाहकार गोपाल विश्नोई ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।राजेन्द्र त्रिवेदी ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए हारने वाले खिलाड़ियों को अगली बार और तैयारी करने और जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी,रणदीप त्रिवेदी ने खेल के सकारात्मक पक्षों पर चर्चा करते हुए खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया , रतन लाल चौधरी ने खेल व पढ़ाई के साथ संस्कार निर्माण की बात कही ।अतिथियों ने भामाशाहों, व्यवस्था में लगे कार्मिकों, निर्णायक मंडल और स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए इसके साथ ही प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे खिलाड़ियों को स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक प्रदक सहित जनरल चैंपियनशिप प्रदान की गई जिसमें पुर,दरीबा, राजेंद्र मार्ग विद्यालय का दबदबा रहा। पारितोषिक वितरण के पश्चात समापन की घोषणा व ध्वज अवतरण के साथ राष्ट्र गान किया गया।नीलु राठौड़ द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया।

## नई अरवड़ में जिला स्तरीय छात्र कबड्डी प्रतियोगिता का समापन 24 टीमों के 257 खिलाड़ियों ने लिया भाग, विजेता टीमों को किया सम्मानित



स्मार्ट हलचल

अरवड़ - नई अरवड़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्र कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर तक आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर की ब्लॉक विजेता एवं चयनित 24 टीमों के 257 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभागीय प्रतिनिधि एवं कादिसहना विद्यालय के प्रधानाचार्य धारा सिंह मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से तकनीकी सलाहकार, निर्णायक दल एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। शारीरिक शिक्षक एवं प्रतियोगिता के आयोजक केसर सिंह चौहान ने बताया कि 19 वर्ष ए वर्ग में ढिकोला विजेता तथा आरजिया उपविजेता रही। आसींद तीसरे और बिजौलिया चौथे स्थान पर रहा। 19 वर्ष बी वर्ग में शाहपुरा-बनेड़ा विजेता तथा आसींद-करेड़ा-हुरड़ा उपविजेता रही। इसी प्रकार 17 वर्ष ए वर्ग में ककरोलिया घाटी विजेता तथा थलकला उपविजेता रही। महुआ खुर्द तीसरे और आसींद चौथे स्थान पर रहा। 17 वर्ष बी वर्ग में जहाजपुर-कोटड़ी विजेता तथा मांडल-सुवाणा उपविजेता रही। अध्यापक राजेश बैरवा ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र खिलाड़ी प्रदीप कीर का 17 वर्ष आयु वर्ग की कबड्डी राज्य स्तरीय टीम में चयन हुआ है। इससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा। समापन समारोह में सभी टीमों के खिलाड़ी, निर्णायक दल, विद्यालय स्टाफ, शिक्षक एवं गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नौनिहालों के बचपन को संवारेगी सरकार: पीएमश्री स्कूलों की बालवाटिकाओं को मिलेंगी विशेष 'टीएलएम किट' की राशि

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत गतिविधि आधारित शिक्षण को मिलेगा बढ़ावा, बीआईएस प्रमाणित खिलौनों से ही पढ़ाई**

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर,** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा -2022 की अनुपालना में उदयपुर एवं सलूंबर जिले के कुल 30 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में संचालित पूर्व प्राथमिक कक्षाओं (बालवाटिकाओं) के बच्चों को अब और अधिक सहज, सरल और आनंददायी वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। बालवाटिकाओं में नामांकित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गतिविधि आधारित शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए 'टीचिंग लर्निंग मटेरियल' (टी एल एम) किट के क्रय एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। समग्र शिक्षा उदयपुर के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कुंज बिहारी भारद्वाज ने बताया कि उदयपुर एवं सलूम्बर जिले में पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित 30 राजकीय विद्यालयों की बालवाटिकाओं के लिए प्रति छात्र 500 रुपये (अधिकतम 75 छात्र प्रति विद्यालय) के मान से राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत प्रत्येक बालवाटिका को टीएलएम सामग्री के लिए अधिकतम 37,500 रुपये का बजट आवंटित किया जाएगा। इस राशि से बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषायी और बौद्धिक विकास के लिए खेल सामग्री और पहेलियां क्रय की जाएंगी। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक भारद्वाज ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बालवाटिकाओं के लिए क्रय की जाने वाली सामग्री पूर्णतः सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। गाइडलाइन के अनुसार, सभी खिलौने और शिक्षण सामग्री भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमाणन के अनुरूप ही खरीदे जाएंगे। इसमें इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों के लिए इस 15644 तथा नॉन-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों के लिए IS 9873 मानक अनिवार्य रूप से लागू होंगे। आपूर्तिकर्ता या विक्रेता के पास वैध बीआईएस लाइसेंस होना आवश्यक है, जिसकी प्रति विद्यालय की एसएमसी/एसडीएमसी को लेनी होगी। एडीपीसी ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा जिले को इस हेतु 11.25 लाख रुपये की वित्तीय लिमिट प्राप्त हो चुकी है जिसे आगामी दो कार्य दिवसों के भीतर संबंधित विद्यालयों को आहरण स्वीकृति जारी कर दी जाएगी। संस्था प्रधानों को बजट प्राप्त होने के 5 दिन के भीतर प्रस्ताव लेकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण सामग्री का क्रय सुनिश्चित करना होगा। टीएलएम गतिविधि के तहत हुए संपूर्ण व्यय की प्रविष्टि शिक्षा मंत्रालय के प्रबंध पोर्टल पर दर्ज की जाएगी और खरीद के 5 दिन के भीतर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाना अनिवार्य होगा। एपीसी राजेंद्र प्रसाद नायक ने बताया कि इस सामग्री का मुख्य उद्देश्य शिक्षण को आनंददायी बनाना और बच्चों में करके सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। शिक्षक स्वयं के निर्देशन और समुचित पर्यवेक्षण में ही बच्चों को सुरक्षित तरीके से सामग्री का उपयोग करवाएंगे, ताकि बच्चे किसी भी वस्तु को मुंह में न लें या निगलें नहीं। इसके साथ ही क्लस्टर स्तर पर होने वाली मासिक समीक्षा और अभिभावक बैठकों के दौरान इन खेल सामग्रियों द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन अभिभावकों के सम्मुख भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# कोंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखा पत्र

*कपासन व चित्तौड़ में कोंग्रेस की हार के पीछे सिसोदिया का हाथ, सौदेबाजी ओर धांधली का आरोप*

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की पत्र के माध्यम से शिकायत की उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि राजस्थान में नगर निकाय चुनाव को लेकर परिणाम आ चुके हैं एवं चित्तौड़गढ़ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के फीडबैक मुझ तक टेलिफोनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि आपको बताते हुए मन बहुत व्यथित हो रहा है कि चित्तौड़गढ़ की कपासन नगर पालिका में जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया की भूमिका पूरी तरह से संदेह के घेरे में रही है और उन्होंने चार पार्षदों को भूमिबंद रख कर भारतीय जनता पार्टी के नेताओ के इशारों पर क्रोस वोटिंग करवाई, जिससे कांग्रेस पार्टी का बहुमत होते हुए भी भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बन गया इसमें मुख्य रूप से भूमिका चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया की रही है क्योंकि इन्होंने कपासन के एक सटोरिया किंग की पत्नी ईनाणी को टिकट दिलाने का वीटोपावर लगाया एवं क्रॉस वोटिंग के अगले दिन ही कांग्रेस के सिंबल से पार्षद का चुनाव लड़ी ईनाणी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा उपाध्यक्ष बना दिया गया जिससे यह साफ एवं स्पष्ट साबित होता है कि टिकट वितरण से लेकर क्रॉस वोटिंग एवं उसके बाद नगर पालिका का उपाध्यक्ष बनाने में जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की भूमिका संदेह के घेरे में रही है साथ ही कपासन के प्रभारी राजेन्द्र आर्य की भी भूमिका कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की नहीं रही एवं जिला नेतृत्व जिस तरह से कहता रहा उनके इशारों पर कठपुतली बनकर कार्य किया एवं उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने का सामंजस्य नही बिठाया, प्रभारी आर्य को पूरी जानकारी होते हुवे भी पार्षदो को एक नही कर पाए ,जिससे पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा, पूरे घटनाक्रम का असर चित्तौड़गढ़ जिले के कार्यकर्ताओं पर पड़ा, जिसमें कार्यकर्ता को हताश एवं निराश है। साथ ही चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में टिकट वितरण को लेकर अपनी मनमर्जी से कांग्रेस विचारधारा से परे लोगों को टिकट देकर चित्तौड़गढ़ नगर परिषद को भी मात्र 6 सीटों से हार का सामना करना पड़ा इसके जिम्मेदार स्वयं जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया है। कपासन एवं चित्तौड़गढ़ में हुई मनमर्जी एवं धांधली को लेकर आपसे निवेदन है कि आप प्रदेश स्तर पर एक कमेटी का गठन करें एवं जिससे निष्पक्ष जांच हो, जिससे आने वाले पंचायत राज चुनाव में कार्यकर्ताओं को नया जोश और उत्साह आ जाए, जिन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी की हो उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करके उन्हें पार्टी एवं अपने पद से मुक्त कर कार्यकर्ताओं में नया संदेश दे ताकि आने वाले चुनाव में इस तरह की सौदेबाजी एवं धांधली ना हो एवं पार्टी की छवि को नुकसान ना हो।

# रायला के वॉलीबॉल कोर्ट पर गूंजा शाहपुरा का दमखम, खेल प्रतिभाओं को मिला हौसले का मंच

## 70 वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शाहपुरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल विजेता, मॉडल स्कूल रहा उपविजेता

### सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा-खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जगाते हैं

स्मार्ट हलचल




**रायला(शाहपुरा)**-रायला के एसकेएम विद्यालय का खेल मैदान कई दिनों तक वॉलीबॉल की तेज रफ्तार, खिलाड़ियों के जोश और जीत के जुनून का गवाह बना रहा। कभी जोरदार स्मैश से तालियां गूंजीं तो कभी शानदार ब्लॉक और रक्षात्मक खेल ने दर्शकों को रोमांचित किया। 70वीं जिला स्तरीय 17 वर्ष छात्र-छात्रा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जैसे-जैसे निर्णायक दौर में पहुंचा, मैदान का उत्साह भी चरम पर पहुंचता गया। भीलवाड़ा जिले की 47 टीमों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल एवं समापन समारोह खेल भावना और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में शाहपुरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शाहपुरा मॉडल स्कूल उपविजेता रहा। विद्या सीनियर स्कूल पालड़ी ने तीसरा तथा मंडफिया चारणान की टीम ने चैथा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं तथा विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। नेट के दोनों ओर से लगाए गए जोरदार स्मैश, सटीक ब्लॉक और बेहतरीन डिफेंस ने मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। हर अंक के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता गया और मैदान के बाहर मौजूद साथी खिलाड़ियों, शिक्षकों तथा खेलप्रेमियों की तालियों ने उनका हौसला बढ़ाया। फाइनल में खिलाड़ियों ने सिर्फ तकनीकी कौशल ही नहीं दिखाया, बल्कि दबाव के बीच संयम और टीम के साथ तालमेल की मिसाल भी पेश की। यही खेल की वास्तविक खूबसूरती है एक खिलाड़ी की प्रतिभा तभी टीम को जीत की ओर ले जाती है, जब उसके साथियों का सहयोग और सामूहिक रणनीति मजबूत हो।

47 टीमों ने दिखाया खेल कौशल

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 47 टीमों की भागीदारी ने जिले में वॉलीबॉल के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को सामने रखा। कई दिनों तक चले मुकाबलों में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं केवल मुकाबले का मंच नहीं होतीं, बल्कि अपने कौशल को बड़े स्तर पर परखने और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए अनुभव हासिल करने का अवसर भी देती हैं। एक-एक मैच के साथ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल, टीम रणनीति और दबाव में प्रदर्शन करने का अनुभव मिला। यही अनुभव भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों की नींव मजबूत कर सकता है।

सांसद अग्रवाल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

समापन समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए खेलों में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सांसद का संदेश इस मायने में महत्वपूर्ण रहा कि विद्यार्थियों के लिए खेल केवल प्रतियोगिता में जीत हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया भी है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

'मैदान की सीख जीवन में भी काम आती है'

नवग्रह आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष व कार्यक्रम के अध्यक्ष वैद्य हंसराज चैधरी ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने वॉलीबॉल को तेज गति वाला टीम खेल बताते हुए कहा कि इसमें खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल, अनुशासन और सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी है। खेल विद्यार्थियों को जीत के साथ-साथ हार को स्वीकार करना, गलतियों से सीखना और अगले मुकाबले के लिए फिर से तैयारी करना भी सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने और अपने खेल कौशल को लगातार निखारने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने की बात कही।

शाहपुरा की दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता का परिणाम शाहपुरा के खेल प्रेमियों के लिए खास रहा। शाहपुरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जबकि शाहपुरा मॉडल स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एक ही क्षेत्र की दोनों टीमों का शीर्ष दो स्थानों पर पहुंचना शाहपुरा में वॉलीबॉल प्रतिभाओं के लिए उत्साहजनक संकेत है। इससे विद्यालयों में खेल गतिविधियों को और मजबूत करने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देने की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी

समारोह में वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका पर जोर दिया। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा के साथ खेलों में रुचि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को अधिक व्यापक बनाती है। खेल मैदान विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन, नेतृत्व, टीमवर्क और संघर्ष की भावना सिखाता है। हार के बाद दोबारा मैदान में उतरने का साहस और जीत के बाद संयम बनाए रखना भी खेल जीवन की महत्वपूर्ण सीख है। ऐसे में विद्यालय स्तर पर होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं।

रंगारंग प्रस्तुतियों ने बढ़ाई समारोह की रंगत

समापन समारोह के दौरान एसकेएम विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने खेल समारोह को एक अलग रंग दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। खेल मैदान की प्रतिस्पर्धा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम ने वातावरण को उत्सव में बदल दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया।

आयोजन में जुटे खेलप्रेमी और गणमान्य नागरिक

समापन समारोह में पीईओ रायला नंदराम शर्मा, जिला परिषद सदस्य शंकर कुड़ी, विभागीय प्रतिनिधि दिलीप सिंह कानावत, नवग्रह आश्रम संस्थापक हंसराज चैधरी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चैधरी, एसकेएम विद्यालय निदेशक जितेंद्र चैधरी, चयनकर्ता रामदयाल चैधरी तथा प्रतियोगिता संयोजक नरेश पाल सिंह सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। इसके अलावा रायला के कार्यकर्ता कृष्ण गोपाल कोगटा, दिलीप नुवाल, अशोक कचोलिया, सत्यनारायण छीपा, ज्ञान राका, देवकीनंदन शर्मा, रघु जीनगर सहित गणमान्य नागरिक भी समारोह में उपस्थित रहे।

जीत से आगे नई प्रतिभाओं की तलाश

70वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन भले ही विजेता और उपविजेता के सम्मान के साथ हुआ, लेकिन खेल मैदान से निकला संदेश इससे कहीं बड़ा है। शाहपुरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जीत और शाहपुरा मॉडल स्कूल का उपविजेता बनना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में वॉलीबॉल की प्रतिभाएं मौजूद हैं। जरूरत है तो उन्हें नियमित अभ्यास, बेहतर मार्गदर्शन और लगातार प्रतियोगिताओं का मंच देने की। सांसद दामोदर अग्रवाल का खेलों को लेकर दिया गया संदेश भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण है। यदि विद्यालय, खेल प्रशिक्षक, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाएं मिलकर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का वातावरण तैयार करें तो ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के खिलाड़ी भी बड़े मंचों तक पहुंच सकते हैं। रायला के एसकेएम विद्यालय में गूंजती तालियां, खिलाड़ियों के जोशीले स्मैश और शाहपुरा की दोनों टीमों की सफलता ने एक बार फिर यह साबित किया कि प्रतिभा मैदान पहचानता हैकृबस उसे अवसर और निरंतर प्रोत्साहन की जरूरत होती है।

## चम्पालाल जी महाराज के कर-कमलों से सेन युवा एकता मंच के गरबा महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। सेन युवा एकता मंच राजस्थान द्वारा आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव 2026 के पोस्टर का विमोचन परम श्रद्धेय श्री श्री 1008 चम्पालाल जी महाराज, मुख्य उपासक राजगढ़ भैरवधाम वह उनके सुपुत्र राहुल सेन के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर महाराज श्री ने सेन युवा एकता मंच के इस सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के युवाओं को एकजुट करने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। सेन युवा एकता मंच के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गरबा महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। मंच के संरक्षक भेरूलाल सेन ने बताया कि भीलवाडा में यह कार्यक्रम तृतीय बार आयोजित हो रहा है पिछली बार की तरह इस बार भी यह कार्यक्रम हर्ष पैलेश होटल में रहेगा और 15-16-17 तीन दिवसीय आयोजन होगा मंच ने बताया कि 'नाचेगा सेन समाज, जुड़ेगा सेन समाज' के संदेश के साथ गरबा महोत्सव के माध्यम से समाज की एकता, सहयोग, संस्कार एवं समाजहित की भावना को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के युवाओं में उत्साह का माहौल है। पोस्टर विमोचन में मुख्य पदाधिकारी सत्यनारायण सेन विजयनगर, विकास सेन,पांसल महादेव सेन पांसल, सागर सेन सांगानेर, गौतम सेन महेंद्रगढ़, शम्भू सेन, करेड़ा, यशोवर्धन सेन गुलमंडी, सनी सेन टाटगढ़, शिवराज सेन बुढ, यस सेन रमाविहार, लक्की सेन शास्त्रीनगर, सुनील सेन गुलमंडी, महावीर सेन बच्छखेड़ा, रामलाल सेन, मांडल, नेमीचंद महामर बाड़मेर, किशन फौजी कपूरिया, सवाई बनबेरु जोधपुर प्रेमचंद सेन जोधपुर उपस्थित थे । मंच ने सभी समाजबंधुओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की।



## फलोदी में राजस्थान राज्य स्तर क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में शाहपुरा के एडवोकेट दीपक पारीक ने कांस्य पदक जीता

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा-** शाहपुरा के दी बॉलर्स जिम के तीन प्रतियोगियों ने दिनांक 26,27-9-2026 रविवार को आयोजित दूसरी राज्यस्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस सीनियर और मास्टर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कि या। टीम कोच अंकित कसेरा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में एडवोकेट दीपक पारीक मास्टर 1 केटेगरी 74 किलो भार मे तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। भीलवाड़ा जिला पावरलिफ्टिंग संगठन के सचिव महेंद्र प्रताप का कहना है कि शाहपुरा ने हाल ही में आयोजित फलोदी में राज्य स्तरीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहपुरा के खिलाडी ने कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग 54 किलो में देवराज धाकड़ चौथे स्थान पर रहे। यह उपलब्धि न केवल शाहपुरा के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। शाहपुरा के खिलाड़ियों ने अपनी कठिन मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की, और क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने में एक नया मानक स्थापित किया है। दी बॉलर्स जिम के निर्देशक सुनील कसेरा ने कहा कि ये खिलाड़ी अब उदयपुर में आयोजित दूसरी राष्ट्रीयस्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सफलता शाहपुरा और दी बॉलर्स जिम के लिए गर्व की बात है और इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। अब इनकी निगाहें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पर हैं, जहां वे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।



## राजस्थान के विभिन्न जिलों से जैन समाज के श्रद्धालु पहुंचेंगे चैनपुरा तीर्थ...

स्मार्ट हलचल



**काछोला** - राजस्थान के लघु सम्मेद शिखर श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ देशनोदय दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र, चैनपुरा में आसोज बुदी दोज, सोमवार 28 सितंबर को भव्य वार्षिक कलशाभिषेक मेले का आयोजन होगा। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर 44वां दीक्षा दिवस समारोह एवं सामूहिक क्षमावणी पर्व भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ देशनोदय दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र कमेटी, वामा देवी महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल ने बताया कि विधानाचार्य पंडित राकेश जैन रत्नाकर, इंदौर एवं विपिन शास्त्री के निर्देशन में विभिन्न धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे शांतिधारा से होगी। इसके बाद सुबह 11:15 बजे श्री पार्श्वनाथ विधान, दोपहर 1 बजे दीक्षा दिवस समारोह तथा शाम 4:30 बजे वार्षिक कलशाभिषेक होगा। इसके पश्चात सामूहिक क्षमावणी एवं स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा। समारोह में जयपुर के संगीतकार नरेंद्र जैन भगवान के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश मडिया तथा पंचायत समिति मांडलगढ़ के प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा सहित जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के लाभार्थियों में लाभचंद-निर्मला देवी तथा देवेंद्र-श्रेया अजमेरा, महुआ शामिल हैं। आयोजन श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ देशनोदय दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र कमेटी, चैनपुरा, वामा देवी महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के तत्वावधान में होगा।

## नम आंखों से दी भगवान गणेश को विदाई, 'गणपति बाप्पा मोरया' के जयकारों से गूंजा अरिहंत विहार

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ शहर के उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी के अरिहंत विहार में दस दिनों तक भक्ति, उत्साह और उल्लास का केंद्र बने रहने के बाद आखिरकार विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की विदाई का भावुक क्षण आ आया। अरिहंत विहार कॉलोनी में गणेशोत्सव के समापन पर आयोजित विसर्जन समारोह में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के गगनभेदी जयकारों और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ भक्तों ने अपने प्रिय बप्पा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

**हवन-पूजन और महाआरती से हुई शुरुआत**

विसर्जन यात्रा से पूर्व सुबह कॉलोनी परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा-अर्चना के बाद ढोल- नगाड़ो और गुलाल व पुष्पवर्षा के साथ भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्पवर्षा की और आतिशबाजी की। युवा और महिलाएं ढोल- नगाड़ो की धुन पर झूमते नजर आए। कॉलोनी के मुख्य रास्तों पर जगह-जगह निवासियों ने अपने घरों से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर बप्पा का स्वागत किया।

**नम आंखों से दिया अर्घ्य, दिया अगले बरस आने का न्योता**

शोभायात्रा निर्धारित विसर्जन स्थल गम्भीरी नदी पहुंची, जहां पूरे विधि-विधान से उत्तर पूजा की गई। जैसे ही प्रतिमा का विसर्जन किया जाने लगा, सभी भक्तों की आंखें छलक आईं। श्रद्धालुओं ने बप्पा के चरण स्पर्श कर क्षेत्र की शांति, समृद्धि और परिवार के आरोग्य की प्रार्थना की। अरिहंत विहार समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पूरे दस दिन तक कॉलोनी में एकता और भक्ति का वातावरण बना रहा। विसर्जन के बाद सभी ने एक-दूसरे को प्रसाद बांटा और अगले वर्ष फिर से गणेशोत्सव को और भी धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान जीपी गुर्जर, अध्यक्ष गोपाल जटिया, लक्ष्मण मेघवाल, जगदीश वैष्णव, रबिन्द्र प्रधान, ओम जैन शंभूपुरा, ललित टांक, रणजीत आचार्य सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## भीलवाड़ा वुशु संघ के 28 खिलाड़ी राज्य स्तर पर दिखाएंगे अपना दम



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । 70 वी राज्य स्तरीय 17 व 19 वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता हेतु भीलवाड़ा टीम रवाना हुई जिला वुशु संघ के सचिव और मुख्य प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया कि विभिन भार वर्ग में जिला वुशु संघ के 28 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ। श्री गंगानगर में प्रतियोगिता 28 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी सभी खिलाडियों को कोच सूर्यभान सिंह, दीपेंद्र सिंह, अंकित योगी ,हिमांशु राजावत ओर कुंभा ट्रस्ट के शारीरिक शिक्षक शैलेंद्र सिंह व सभी खिलाड़ियों के द्वारा माला पहना कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## चार लाख रुपये के चेक अनादरण मामले में आरोपी दोषमुक्त

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई एक्ट प्रकरण, न्यायालय संख्या-4, भीलवाड़ा ने चार लाख रुपये के चेक अनादरण के मामले में आरोपी देवी लाल बैरवा को धारा 138 एनआई एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। मामले में परिवादी सुनील मालवीय की ओर से परिवाद पेश कर आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने निजी आवश्यकता के लिए चार लाख रुपये उधार लिए थे। इसके भुगतान के लिए आरोपी ने 4 लाख रुपये का चेक जारी किया, जो खाते में अपर्याप्त निधि होने के कारण अनादरित हो गया। परिवादी के अनुसार नोटिस दिए जाने के बावजूद निर्धारित अवधि में चेक की राशि का भुगतान नहीं किया गया। परिवादी ने अपने पक्ष को साबित करने के लिए न्यायालय के समक्ष दस्तावेजी साक्ष्य एवं मौखिक बयान प्रस्तुत किए।वहीं, आरोपी देवी लाल बैरवा की ओर से बचाव में धारा 118 एवं 139 एनआई एक्ट के तहत सृजित उपधारणाओं का खंडन किया गया। न्यायालय ने आरोपी की ओर से प्रस्तुत प्रतिरक्षा तथा दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्यों के आधार पर माना कि धारा 118 एवं 139 एनआई एक्ट की उपधारणा का सृजन नहीं होना पाया गया। साथ ही परिवादी चेक अनादरण के तथ्य को न्यायालय के समक्ष साबित नहीं कर सका। इन आधारों पर न्यायालय ने देवी लाल पुत्र श्री भगीरथ बैरवा, निवासी ढाकरियां खेड़ा, तहसील मांडल, जिला भीलवाड़ा को धारा 138 एनआई एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। प्रेस नोट के अनुसार परिवादी स्वयं अधिवक्ता है। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता रमेशचंद शर्मा, कुशल चन्द्र साहू एवं आशीष गौतम ने पैरवी की।

### बस ने मामा-भांजी को कुचला,बच्ची का दिल सड़क पर गिरा

## हरियाणा रोडवेज ने बाइक को मारी टक्कर 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई...

स्मार्ट हलचल



**नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़)** कोटपूतली- बहरोड़ जिले में हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार मामा-भांजी की मौत हो गई। उनके शवों के चीथड़े उड़ गए। बच्ची के दिल समेत कई अंग सड़क पर बिखर गए। बच्ची की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर नीमराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल महिला को सचखंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां से जयपुर रेफर कर दिया गया। मामा-भांजी के शव को नीमराना के गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। मृतकों की पहचान खैरथल-तिजारा के भुगंडा अहीर निवासी सचिन शर्मा (34) पुत्र प्रेमप्रकाश शर्मा और उनकी भांजी तान्या शर्मा (8) के रूप में हुई है। हादसा नीमराना थाने के पास जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर रविवार दोपहर करीब 12:15 बजे हुआ।बाइक को टक्कर मारने के बाद रोडवेज बस सर्विस लाइन में खड़ी निजी बस से टकरा गई। नीमराना एसएचओ सुरेंद्र यादव ने बताया- सचिन शर्मा अपनी बहन कविता शर्मा (32) और भांजी तान्या शर्मा पुत्री लक्ष्मीनारायण शर्मा को उनके गांव कोटपूतली-बहरोड़ के भगवाड़ी खुर्द छोड़ने जा रहे थे। तीनों बाइक से भुगंडा अहीर से करीब 10 किमी दूर नीमराना थाने के पास पहुंचे थे। यहां सर्विस लाइन पर चढ़ रहे थे। इसी दौरान जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रही हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कविता तो उछलकर साइड में गिर गई और सचिन व तान्या बस के नीचे फंस गए। बस करीब 50 मीटर तक दोनों को घसीटते हुए ले गई और सर्विस लाइन पर खड़ी निजी बस से टकराकर रुक गई।

## पारोली में आंगन मिलन समारोह का आयोजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पौधे व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**आकोला** / महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में पारोली में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर सुशीला ने की। समारोह के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दो-दो पौधे एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पौधे वितरित करने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समाज में हरियाली का संदेश देने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में केदार शर्मा, भंवर रामभरोस मीणा, आसावारी सहीत कार्यकर्ता उपस्थित रहे इनमें विमला कीर, नर्मदा मेघवंशी, लाड़ लोधा, लाड़ सुवालका सहित अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समारोह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों तथा बच्चों एवं महिलाओं के हित में किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# संजय घीया फिर बने जिला व्यापार संघ अध्यक्ष



## गवर्निंग बॉडी की बैठक में पांच साल के लिए निर्विरोध निर्वाचन, व्यापारी एकता को मजबूत करने पर जोर

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** ब्यावर जिला व्यापार संघ की कोर कमेटी एवं गवर्निंग बॉडी की बैठक शनिवार रात कॉलेज रोड स्थित तिरुपति ढोसा में आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी दायित्वों एवं सामाजिक सरोकारों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से संजय घीया को जिला व्यापार संघ अध्यक्ष पद पर पुन: निर्विरोध निर्वाचित किया गया। गवर्निंग बॉडी ने उन्हें आगामी पांच वर्षों के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। पुन: अध्यक्ष चुने जाने पर संजय घीया ने सभी व्यापारियों एवं गवर्निंग बॉडी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यापारी हित, संगठन की एकता और ब्यावर के व्यापारिक क्षेत्र के विकास के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिलेभर के व्यापारियों को एक सूत्र में जोड़ने और व्यापारी एकता को मजबूत करने पर कार्य किया गया। आगामी पांच वर्षों में व्यापारी एकता के साथ नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। घीया ने बताया कि जल्द ही सभी वर्गों के व्यापारी साथियों को साथ लेकर नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। बैठक में व्यापार संघ के पदाधिकारी, गवर्निंग बॉडी सदस्य एवं बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दशलक्षण महापर्व का समापन, क्षमावाणी पर मांगी एक-दूसरे से क्षमा

## जिनालयों में अभिषेक-पूजन, तपस्वी श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का समापन रविवार को क्षमावाणी पर्व के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से हुआ। शहर के विभिन्न जिनालयों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान जिनेंद्र का अभिषेक-पूजन कर सुख-शांति एवं आत्मकल्याण की कामना की। श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियां में आयोजित कार्यक्रम में विद्वान शास्त्री ने क्षमावाणी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दशलक्षण महापर्व आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का पर्व है। क्षमा व्यक्ति को क्रोध, अहंकार और द्वेष का त्याग कर सभी के प्रति मैत्रीभाव रखने की प्रेरणा देती है। महापर्व के दौरान उपवास एवं विभिन्न प्रकार की तपस्या करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया। तपस्वियों को तिलक, माला, साफा एवं शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। समाजजनों ने तपस्वियों की साधना की अनुमोदना की। क्षमावाणी पर्व के अवसर पर समाजजनों ने परस्पर 'उत्तम क्षमा' कहते हुए जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगी। इस दौरान लोगों ने आपसी मनमुटाव एवं कटुता भुलाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि क्षमा से मन का बोझ हल्का होता है और रिश्तों में आत्मीयता एवं मधुरता बढ़ती है।

# ब्यावर में आज से राज्यस्तरीय ताइक्वांडो का रोमांच, प्रदेशभर के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



## 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगी 70वीं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता, चार कोर्ट पर होंगे मुकाबले

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 70वीं राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को प्रातः 9:15 बजे श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में होगा। 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की यह प्रतियोगिता 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष के विशेषाधिकारी एवं राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत करेंगे। मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, नगर परिषद सभापति पुष्पा जयकिशन बल्दुआ, उपसभापति दीक्षांत हरचंदानी सहित अन्य अतिथि समारोह में मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य डॉ. निवेदिता पाठक ने बताया कि सभी टीमों के खिलाड़ी ब्यावर पहुंच चुके हैं तथा खिलाड़ियों का वजन भी कराया जा चुका है। प्रतियोगिता के लिए चार कोर्ट तैयार किए गए हैं। छात्र वर्ग के मुकाबले श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ तथा छात्रा वर्ग के मुकाबले पीएम श्री छावनी विद्यालय में आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों के आवास, पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शंकर लाल शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक अनिल कुमार शर्मा ने आयोजन से जुड़े सभी कार्मिकों से सहयोग की अपील की है। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# वेंडिंग जोन की अव्यवस्थाओं पर भड़के पथ विक्रेता, स्थायी स्थान की मांग

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** अजमेरी गेट के सामने यादव भवन में शनिवार को सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान, राजस्थान के तत्वावधान में स्ट्रीट वेंडर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के 54 पथ विक्रेताओं ने भाग लिया। बैठक की अगुवाई अश्विनी कुमार डरट एवं मिट्ठू लाल ने की। अश्विनी कुमार ने पथ विक्रेता अधिनियम-2014 के प्रावधानों और विक्रेताओं के अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान वेंडिंग जोन में ऑटो-टेम्पो की पार्किंग, अनधिकृत कब्जे, निर्धारित स्थानों की अव्यवस्था तथा बिना उचित प्रक्रिया के विक्रेताओं को हटाए जाने जैसी समस्याएं सामने आईं। विक्रेताओं ने कहा कि रोजगार के लिए निर्धारित स्थानों पर स्थिरता और सुरक्षित व्यवस्था जरूरी है। साथ ही नगर निकाय के अधिकारियों के साथ नियमित संवाद की आवश्यकता जताई। बैठक में तय किया गया कि सभी समस्याओं को संकलित कर संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश मारलेचा, आरती, मोबिना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रभावी प्रार्थना सभा और हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ बनेंगे बालकों में संस्कार के केंद्र :पुष्करणा

## उदयपुर संभाग की संभाग टोली बैठक प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा के सानिध्य में हुई संपन्न

स्मार्ट हलचल



**मंगलवाड़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा उदयपुर संभाग की संभाग टोली बैठक रविवार को राउमावि मंगलवाड़ में प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। संभाग संयुक्त मंत्री तेजपाल सिंह शक्तावत ने बताया कि बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयुक्त मंत्री रमेश चंद्र पुरोहित और अध्यक्षता संभाग उपाध्यक्ष पूरण मल लौहार ने की।संगठन के सुदृढ़ीकरण, कार्यकर्ता संपर्क एवं सम्भाल की दृष्टि से संकुल से लेकर प्रदेश स्तर तक दायित्वधारी कार्यकर्ताओं द्वारा संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। संगठन की योजनानुसार समय-समय पर बैठकों एवं प्रवास के माध्यम से प्राप्त सुझावों के अनुसार कार्यों की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना निर्धारित की जाती है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्य अतिथि पुष्करणा ने संगठन के सुचारू संचालन के लिए संकुल स्तर तक प्रवास करने का आह्वान किया।प्रवास के दौरान हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ और प्रभावी प्रार्थना सभा कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर विद्यालयों में अपेक्षित परिवर्तन लाने में संगठन के कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।साथ ही संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं से समाज परिवर्तन के लिए नशा मुक्ति,पर्यावरण,भारतीय सांस्कृतिक परम्परा,स्वच्छ भारत अभियान, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण जैसे अभियानों के प्रभावी प्रसार के लिए आग्रह किया। प्रदेश संयुक्त मंत्री पुरोहित ने कहा कि संगठन के कार्यक्रम का आयोजन और संपादन योजनानुसार करते हुए संगठन के कार्यकर्ताओं को पूर्ण समय और समर्पण से कार्य करना चाहिए।बैठक में प्रमुख रूप से खण्ड एवं जिला साधारण सभा के आयोजन एवं कार्य की समीक्षा,जिला सम्मेलनों की समीक्षा,संत रविदास जी व्याख्यान कार्यक्रम,सम्भाग के दायित्वधारी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्य,प्रवास की आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर सम्भाग टोली से सम्भाग संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह सारंगदेवोत,वीणा वैष्णव,विभाग संगठन मंत्री नारायण सिंह चुण्डावत,देवीलाल पटेल,डूंगला खंड अध्यक्ष गोवर्धन लाल शर्मा,मंत्री सुरेश चंद्र लोहार उपस्थित रहे।

## ई-मित्र संचालकों की समस्याओं के सामूहिक समाधान पर बनी सहमति

# अधिक से अधिक संचालकों को संगठन से जोड़ने पर जोर, अगली बैठक में गठित होगी कार्यकारिणी

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** ई-मित्र एसोसिएशन जिला ब्यावर की प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर के ई-मित्र संचालकों ने भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने के साथ संचालकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की। बैठक में ई-मित्र एसोसिएशन के संगठनात्मक गठन एवं विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया। संचालकों ने कहा कि ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी एवं जनकल्याणकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में संचालकों से जुड़े मुद्दों को सामूहिक रूप से उठाने के लिए मजबूत संगठन की आवश्यकता है। बैठक में जिले के अधिक से अधिक ई-मित्र संचालकों को संगठन से जोड़ने तथा सभी को एक मंच पर लाने पर जोर दिया गया। साथ ही तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए सामूहिक रूप से संबंधित स्तर पर प्रयास करने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी संचालक की समस्या को व्यक्तिगत स्तर तक सीमित रखने के बजाय संगठन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। इससे समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी तरीके से प्रयास किया जा सकेगा।

**अगली बैठक में होगा कार्यकारिणी का गठन**

बैठक में तय किया गया कि आगामी बैठक में ई-मित्र एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके बाद संगठन की जिम्मेदारियां तय करने के साथ सदस्यता विस्तार और ई-मित्र संचालकों से जुड़े विषयों को लेकर आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उपस्थित संचालकों ने संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है: विधायक आक्या

# पंचायती राज चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक का आयोजन

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा चित्तौडगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है। क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आमजन से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता सरकार के कार्यो से संतुष्ट है। सरकार ने किसानो की आय बढ़ाने और उन्हे आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार किया गया है तथा किसानो को समय पर राहत और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। हमें एकजूट होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ और कार्यो को आमजन तक पहुचाना है और पंचायतीराज चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा का बोर्ड बनाना है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भारतीय जनता पार्टी बस्सी मंडल की आगामी पंचायती राज चुनाव को लेकर आयोजित संगठनात्मक बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियो, पार्टी पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति अनिल ईनाणी, उप सभापति सुदर्शन रामपुरिया, जिला उपाध्यक्ष सी पी नामधराणी, जिला मंत्री गोपाल चोबे, मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ तथा बांसवाड़ा व डूंगरपुर प्रभारी कमलेश पुरोहित थे। बैठक में आगामी पंचायतीराज चुनाव की रणनीति, चुनाव संचालन, बूथ प्रबंधन एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# मुस्लिम महासभा ने किया निर्वाचित पार्षदों का सम्मान

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़ ।** मुस्लिम महासभा चित्तौड़गढ़ की ओर से नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षदों के सम्मान में गांधीनगर स्थित गुलमोहर गार्डन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में निर्वाचित पार्षदों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिला सचिव यूनुस खान उर्फ संजू ने बताया कि पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत एवं नेता प्रतिपक्ष नगेन्द्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में नगर परिषद के निर्वाचित मुस्लिम पार्षद मोहम्मद इब्राहिम छीपा, इम्तियाज हुसैन लौहार, फिरदोस खान, रेहाना हसन तथा नेता प्रतिपक्ष पार्षद नगेन्द्र सिंह राठौड़ का मुस्लिम महासभा के पदाधिकारियों ने पगड़ी एवं माला पहनाकर सम्मान किया। महिला पार्षदों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा, रोजगार और राजनीति के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में पहली बार दो महिलाओं सहित पांच मुस्लिम पार्षद निर्वाचित होकर आए हैं। उन्होंने सभी निर्वाचित पार्षदों को शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों तथा जनता के हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अमन मददगार कमेटी चोखला कपासन के सचिव रफीक खान की ओर से सभी पार्षदों को पुरस्कार स्वरूप कलम भेंट की गई। मुस्लिम महासभा के प्रदेश महासचिव आरिफ अली एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष रशीद मोहम्मद उर्फ कालू, जिला महासचिव जफर खान, जिला सचिव यूनुस खान उर्फ संजू, सह सचिव हुसैन मीर खान, कोषाध्यक्ष इरफान शेख, संगठन मंत्री बबलू खान, सद्दाम शोरगर, मोहम्मद हसन बरकाती, सिद्दीक शेख, अशफाक छीपा एवं इस्तिखार छीपा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं पार्षदों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आरिफ अली एडवोकेट ने किया। समारोह में पूर्व अंजुमन सदर हाजी अब्दुल गनी शेख, पूर्व पार्षद युसूफ भय्या, गोस मोहम्मद छीपा, अंजुमन संस्थान के सरपरस्त हाजी सैय्यद इरफान अली, मोहम्मद खान कायमखानी, शेख समाज के सदर इरशाद शेख, सैय्यद समाज के सदर मकसूद अली, पठान समाज के सचिव अशफाक खान, छीपा समाज के सचिव अशफाक छीपा सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में टोंक के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन-शह और मात के खेल में टोंक के नन्हें शातिरों का जलवा

**अंडर-17 में सिद्धार्थ जैन लगातार चौथी बार चैंपियन, अंडर-14 में देवांश सिंह ने जीता खिताब; दोनों का राज्य स्तर पर चयन**

**टोंक।** जिले में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में टोंक शहर के नन्हें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंडर-17 वर्ग में सिद्धार्थ जैन ने लगातार चौथी बार चैंपियन बनकर खिताब अपने नाम किया, वहीं अंडर-14 वर्ग में पहली बार हिस्सा लेने वाले देवांश सिंह ने अपराजित रहते हुए चैंपियनशिप जीती। दोनों खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

**सिद्धार्थ लगातार चौथी बार बने चैंपियन**

निवाई उपखंड के गुंसी ग्राम स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-17 छात्र वर्ग में टोंक के सिद्धार्थ जैन ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 56 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और मुकाबले सात राउंड में संपन्न हुए।

चेस कोच सुरेश बुंदेल ने बताया कि कक्षा 9 में अध्ययनरत 14 वर्षीय सिद्धार्थ जैन ने लगातार चौथी बार जिला स्तरीय चैंपियनशिप अपने नाम की है। सिद्धार्थ का अंडर-17 छात्र वर्ग में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। कोच के अनुसार सिद्धार्थ इंटरनेशनल चेस स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है और आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। सिद्धार्थ प्रसिद्ध गायक एवं शिक्षक मनोज कुमार जैन के पुत्र हैं। शतरंज के अलावा उनकी रुचि संगीत, चित्रकला, कैरम बोर्ड और बैडमिंटन में भी है।

**देवांश सिंह पहली बार में बने चैंपियन**

मालपुरा शहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-14 छात्र वर्ग में टोंक के देवांश सिंह ने चैंपियनशिप हासिल की। कक्षा 8 में अध्ययनरत 13 वर्षीय देवांश ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया और मुकाबले छह राउंड में खेले गए। शानदार प्रदर्शन के आधार पर देवांश का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष देवांश अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहे थे और उनका राज्य स्तर पर भी चयन हुआ था। देवांश के छोटे भाई 8 वर्षीय युवराज सिंह, जो कक्षा 3 में अध्ययनरत हैं, ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह में से चार मुकाबले जीते और 13वीं रैंक हासिल की। चैंपियन सिद्धार्थ जैन एवं देवांश सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, माता-पिता एवं चाचा को दिया। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और शहरवासियों ने खुशी जताते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चित्तौड़ प्रांत के तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**आकोला /** मांडलगढ़ में तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन रविवार को प्रातः 9 बजे स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर संभागार में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत सचिव मानेंग पटेल रहे। मुख्य अतिथि राजस्थान क्षेत्र के संस्कृति बोध परियोजना संयोजक कैलाशचंद्र तथा विशिष्ट अतिथि विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के संस्कार केंद्र प्रमुख पूनम सिंह राठौड़ एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सनाढ्य रहे। उद्दघाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मानेंग पटेल ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, कला एवं प्रतिभा का विकास करना है। तीन दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत रविवार को शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें प्रश्न मंच, कविता पाठ, मूर्तिकला, सुगम संगीत, अंत्याक्षरी, लोकनृत्य तथा आचार्य पत्र वाचन जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गणपत सिंह वर्मा ने बताया कि इस संस्कृति महोत्सव में विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के 11 जिलों से आए 275 प्रतिभागी भैया-बहिन एवं आचार्य-दीदी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में भीलवाड़ा विद्या भारती शिक्षा संस्थान के सचिव देवराजसिंह राणावत, स्थानीय विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी आचार्य दीदी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शाहपुरा विजेता



स्मार्ट हलचल

**रायपुर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सगरेव (रायपुर) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (19 वर्षीय छात्र वर्ग) का समापन समारोह 27 सितंबर 2026 को आयोजित हुआ। समारोह राजेंद्र कुमार त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य एवं कुलदीप त्रिवेदी, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस रायपुर, की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि रणदीप त्रिवेदी (पीसीसी सदस्य), प्रकाश चंद्र जाट (पंचायत समिति सदस्य), गोपाल सोमानी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवी लाल खटीक, पारस लाल जोगी (आरपी), तेज प्रकाश नाथ, विभागीय प्रतिनिधि नरेश कुमार टांक, पूर्व प्रधानाचार्य रायमल कुम्हार, विक्की कुमार, प्रदीप कुमार एवं ममता शर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा की टीम विजेता रही। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धानमंडी ने द्वितीय तथा विद्या रामचंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय पालड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में पंचायतवासी एवं विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इनमें रामेश्वर लाल शर्मा, ईश्वर लाल गुर्जर, पूर्व सरपंच मुकेश बड़वा, मदन प्रजापत, उमराव सिंह बड़वा, नरेश सोनी, हीरा लाल गुर्जर, सीता राम सेन, सुख लाल चोरड़िया, बक्शुराम गुर्जर, सुख लाल गुर्जर, श्याम लाल दाधीच, घनश्याम बड़वा, राकेश बड़वा, घनश्याम दाधीच, सोहन लाल खटीक, मोहन लाल सालवी, प्रभु गुर्जर, बद्री खान एवं रोशन लोहार सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र, घनश्याम शर्मा, तेज बहादुर सिंह, प्रकाश चंद्र जाट सहित विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# केदारा गांव के मुख्य मार्ग पर 2 फीट गंदा पानी भरा : लोगों को परेशानी, बीमारियों का खतरा; ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की चेतावनी दी



स्मार्ट हलचल

**अ (देवली), टोंक** टोंक जिले की चारनेंट प ंचायत के केदारा गांव में मुख्य मार्ग पर करीब 2 फीट गंदा पानी भरा है। इससे गांव में हालात खराब हो गए हैं। स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को पैदल निकलने में भी परेशानी हो रही है। गंदा पानी जमा होने से लोगों को रोज दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने चारनेंट ग्राम पंचायत प्रशासन को कई बार शिकायत की है। लेकिन, अभी तक इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जलभराव की समस्या दूर नहीं हुई, तो वे टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी से शिकायत करेंगे। चेतावनी देने वालों में कैलाश, पप्पू लाल, शिवराज, आशाराम, सागर, दुर्गा लाल, दामोदर, बाबू और प्रधान जैसे ग्रामीण शामिल हैं।

# कोटा गांडिव मैराथन-1.0 में दौड़ा कोटा, 1500 से अधिक धावकों ने भरी रफ्तार

## 5 साल के बच्चे से 75 वर्ष के बुजुर्ग तक दिखा जज्बा, सेना के मेजर से रिटायर्ड ब्रिगेडियर तक ने नागरिकों के साथ लगाई दौड़; फिटनेस, अनुशासन और सैन्य-नागरिक एकजुटता का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** किसी के कदमों में बचपन की चंचलता थी, किसी की चाल में युवाओं का जोश और किसी के चेहरे पर उम्र को पीछे छोड़ देने का आत्मविश्वास। रविवार को कोटा का उम्मेद सिंह स्टेडियम उस समय उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की ऊर्जा से भर उठा, जब गांडिव डिवीजन के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत कोटा गांडिव हाफ मैराथन-1.0 का आयोजन हुआ। कोटा मिलिट्री स्टेशन की ओर से आयोजित इस मैराथन में सैन्यकर्मियों, पूर्व सैनिकों, युवाओं तथा स्थानीय रनिंग समुदाय सहित 1500 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खास बात यह रही कि दौड़ में पांच वर्ष के नन्हे धावकों से लेकर 75 वर्ष के बुजुर्गों तक ने भाग लेकर सेना के उत्साह को दुगना किया।




**सेना के अनुशासन की झलक,**

मैराथन का मूल संदेश फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, धैर्य और टीम भावना से जुड़ा रहा। प्रतिभागियों के लिए मेडिकल टीम तैनात रही। किसी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता की व्यवस्था की गई। दौड़ पूरी करने के बाद पैरों में मोच, सूजन या अकड़न जैसी समस्या वाले धावकों के लिए फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध रही।

**21 किमी से 3 किमी फन रन तक उत्साह**

अंतराष्ट्रीय धावक शाक्ति सिंह ने कहा कि मैराथन में 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर दौड़ और 3 किलोमीटर फन रन आयोजित की गई। 21 और 10 किलोमीटर की दौड़ पुरुष एवं महिला वर्गों के लिए थी, जबकि 3 किलोमीटर फन रन में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



मैराथन का रूट महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम से अर्जुन गेट, हल्दीघाटी गेट, माला फाटक और आर्मी स्कूल होते हुए वापस उम्मेद सिंह स्टेडियम तक रहा।

**21 किमी में परवीन पाटील और दीपा यादव अव्वल**

21 किलोमीटर पुरुष वर्ग में परवीन पाटील प्रथम, अभिषेक द्वितीय और रोहित तृतीय रहे। महिला वर्ग में दीपा यादव ने पहला, अश्विन ने दूसरा और शीतल ने तीसरा स्थान हासिल किया,वहीं 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में लॉरेंस प्रथम, विनोद पाटील द्वितीय और ओमकार माने तृतीय रहे। वहीं महिला वर्ग में राशी प्रथम, अंजली द्वितीय और अरुणा तृतीय स्थान पर रहीं।

**प्रतिभागियो दी प्रतिक्रियाएं**

धावक दिव्या जैन ने आयोजन को स्वास्थ्य और देशभक्ति को एक साथ जोड़ने वाला अनुभव बताया। उनके लिए सैन्य कैंट क्षेत्र में दौड़ना सामान्य दौड़ से अलग और यादगार अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि गांडिव डिवीजन के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर कोटा में स्वास्थ्य के साथ देशभक्ति का संदेश दिया गया।

महिला वर्ग की विजेता दीपा यादव ने ऐसे आयोजनों में महिलाओं की अधिक भागीदारी की जरूरत बताई। उनका कहना था कि जब महिलाओं के लिए इस तरह के अवसर लगातार मिलेंगे तो वे फिटनेस और खेल के क्षेत्र में और आगे आएंगी।

धावक अश्विनी ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि दौड़ बेहद सुनियोजित तरीके से कराई गई। प्रतिभागियों को समय पर बैच और बिब मिले तथा रूट भी स्पष्ट रूप से चिन्हित था। पिंकी कपूर ने भी आयोजन में उपलब्ध व्यवस्थाओं को सराहा।

## राजस्थान शिक्षक संघ (आरटीए) की चित्तौड़गढ़ उपशाखा का गठन, राम रतन अध्यक्ष व अरविंद राठौड़ मंत्री निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** राजस्थान शिक्षक संघ (आरटीए) की चित्तौड़गढ़ उपशाखा के गठन की प्रक्रिया रविवार को नेहरू गार्डन में निर्वाचन अधिकारी अविनाश एवं पर्यवेक्षक जयपाल बुरड़क के निर्देशन में संपन्न हुई। उपशाखा के सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। गठन प्रक्रिया के दौरान राम रतन को उपशाखा अध्यक्ष एवं अरविंद राठौड़ को उपशाखा मंत्री चुना गया। वहीं शंकरलाल को सभाध्यक्ष, विजय जांगिड़ को कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार को उपाध्यक्ष तथा नीरज नूनिया को संयुक्त मंत्री निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार सुमन सैनी को संघर्ष समिति संयोजक बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पिंकी, विमला कुमारी, रेखा सैनी एवं सुमन का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। गठन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के विधान के अनुसार पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित शिक्षकों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

## अनुशासनहीनता के आरोपों पर देवराज जटिया को संगठन के सभी पदों से किया मुक्त

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय बैरवा समाज के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए देवराज जटिया को संगठन की रीति-नीति के विरुद्ध कार्य करने एवं अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते जिलाध्यक्ष सहित संगठन के सभी दायित्वों से आजीवन मुक्त कर दिया है। प्रदेश कार्यालय प्रभारी एडवोकेट शोभालाल बैरवा ने बताया कि कपासन तहसील के भंवरकिया निवासी देवराज जटिया पुत्र मदनलाल जटिया को अखिल भारतीय बैरवा समाज के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था। प्रदेश कार्यालय के अनुसार समाज के प्रभावी, शिक्षाविद् एवं गणमान्य लोगों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह सामने आया कि जटिया द्वारा प्रदेश नेतृत्व की अनुमति के बिना जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा था तथा शुल्क लेकर लोगों को मनोनीत किया जा रहा था। प्रदेश कार्यालय प्रभारी के अनुसार संगठन की रीति-नीति में पदाधिकारियों द्वारा नि:शुल्क एवं नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना निर्धारित है। आरोप है कि कारण बताओ नोटिस के संबंध में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, अपशब्द एवं धमकियां देने की शिकायत भी सामने आई। इन शिकायतों और आरोपों के आधार पर प्रदेश नेतृत्व ने जटिया द्वारा गठित जिला कार्यकारिणी को फर्जी घोषित करते हुए भंग कर दिया। साथ ही देवराज जटिया को जिलाध्यक्ष पद सहित संगठन के सभी पदों एवं समस्त दायित्वों से आजीवन निष्कासित किए जाने का निर्णय लिया गया।

## श्राद्ध पक्ष में गौसेवा, गायों को हरा चारा, गुड़ व फल-सब्जियों का भोग



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से श्राद्ध पक्ष के अवसर पर मसूदा रोड स्थित तिजारती गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के गौभक्तों ने गौशाला में बीमार एवं अपंग गायों को हरा चारा, गुड़, फल व सब्जियों का भोग कराया। जिला प्रचार मंत्री चेतन गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक अनिल गौतम, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़, विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र धारीवाल तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गीता गुप्ता के सानिध्य में हुआ। उपाध्यक्ष अमित मेहता ने बताया कि संगठन की ओर से समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्य किए जाते हैं। मंत्री प्रकाश मकाना ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सामग्री में मिलावट के खिलाफ संगठन की ओर से अभियान चलाया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कोमल मेहता ने बताया कि संस्था दहेज प्रथा, मौलिक अधिकारों के हनन, गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता, नारी उत्पीड़न सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सेवा कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संरक्षक वीरेंद्र तापड़िया, रमेश बाकलीवाल, राजलक्ष्मी धारीवाल, नरेश बंसल, लोकेश गोयल, अमित मेहता, नरपत सिंह, भास्कर सहित संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जितेंद्र धारीवाल एवं गीता गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जन्मदिन पर सेवा की मिसाल : 5 स्नेहालयों के 125 बच्चों को कराया भोजन

### NCDC Asset Director महेंद्र कुमार मीणा के पुत्र के जन्मदिन पर अनूठी पहल

स्मार्ट हलचल

**गुवाहाटी।** NCDC Asset Director महेंद्र कुमार मीणा के पुत्र के जन्मदिन के अवसर पर इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए गुवाहाटी, असम स्थित 5 अलग-अलग स्नेहालयों में 125 बच्चों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर एक स्नेहालय में स्वयं उपस्थित होकर बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। बच्चों के साथ समय बिताने और उनके चेहरों पर मुस्कान देखकर परिवार को अपार खुशी मिली। जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटने की यह पहल सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। बच्चों के साथ बिताया गया यह पल परिवार के लिए जन्मदिन का सबसे यादगार उपहार बन गया।

### अंधड़ ने बिजली व्यवस्था बिगाड़ीः 40 गांवों की बिजली गुल

## 20 बिजली पोल, 2 डीपी और 20 पेड़ गिरे; नारायणपुर सिटी में भी 2 पोल व 2 पेड़ धराशायी, देर रात तक बिजली बहाली का इंतजार

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर** / नारायणपुर सहित आसपास के गांवों में रविवार शाम करीब 4:27 बजे आए तेज अंधड़ ने बिजली निगम की व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण बिजली के पोल, डीपी और पेड़ गिरने से नारायणपुर सिटी सहित आसपास के करीब 40 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा और जनजीवन प्रभावित हो गया। अंधड़ से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली निगम के करीब 20 पोल, 2 डीपी और करीब 20 पेड़ गिर गए। वहीं नारायणपुर सिटी क्षेत्र में भी 2 बिजली पोल और 2 पेड़ धराशायी हो गए। ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में सिटी में नुकसान कम रहा, लेकिन पोल और पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण देर रात तक नारायणपुर सिटी की बिजली भी बहाल नहीं हो सकी।



**13 फीडरों से जुड़े 40 गांव प्रभावित**

बिजली निगम के अनुसार नारायणपुर और चांदपुरी से निकलने वाले 13 फीडरों से जुड़े करीब 40 गांवों की बिजली आपूर्ति अंधड़ के कारण प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर बिजली के पोल और तार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पेड़ गिरने से विद्युत लाइनें भी प्रभावित हुईं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

**एफआरटी टीम सहित 6 कर्मचारी जुटे**

अंधड़ से बिजली व्यवस्था को हुए नुकसान के बाद बिजली निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया। एफआरटी टीम सहित निगम के 6 कर्मचारी बिजली व्यवस्था को सुचारू करने में जुटे रहे। कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त पोल और विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने के साथ ही रास्तों में गिरे पेड़ों को हटाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम शुरू किया।

**3 लाख रुपए से अधिक नुकसान का अनुमान**

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार अंधड़ से निगम को करीब 3 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। नुकसान का आकलन करने के साथ ही क्षतिग्रस्त विद्युत तंत्र को ठीक करने का काम जारी है। बिजली निगम के जेईएन जीतेश मीणा ने बताया कि अंधड़ से नारायणपुर सहित आसपास के करीब 40 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों और पोल को दुरुस्त करने के लिए निगम की टीम लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त कर सोमवार शाम तक आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सफाई कर्मचारी भर्ती में संशोधन की मांग, वाल्मीकि समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौहान के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान में चल रही संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती का विरोध जताते हुए भर्ती प्रक्रिया में संशोधन सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व आवेदकों के नाम संविदा भर्ती से हटाकर सफाई कर्मचारी भर्ती में शामिल करने की मांग रखी गई। इस दौरान सेवानिवृत्त तहसीलदार शिवनारायण मल्होत्रा, गुलाबपुरा पार्षद प्रत्याशी राजेश टांक, मेवाड़ वाल्मीकि सेवा संस्था के अध्यक्ष राजन मल्होत्रा, बीएल घारू जिंक, राधाकिशन टांक सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर मेवाड़ वाल्मीकि सेवा संस्था के संरक्षक विजय चौहान के लगातार चौथी बार पार्षद निर्वाचित होने पर प्रकाश राठौड़ ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। लगातार चौथी बार पार्षद निर्वाचित होने पर उपस्थित समाजजनों ने इसे वाल्मीकि समाज के लिए गौरव का विषय बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौहान ने कहा कि सोमवार को वाल्मीकि समाज की ओर से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे राजस्थान में आंदोलन किया जाएगा तथा एक साथ झाड़ू डाउन हड़ताल की जाएगी। बैठक में छवि देशबंधु, भेरूलाल घारू, रतन लोट मेजर, मदन बारेसा, सूरज कल्याणा, कमल किशोर घारू, देवेश देसाई, सुशील लोट, नरेंद्र मल्होत्रा, शेरू सिंगोलिया, नवीन सिंगोलिया, सुरेश भाटी, कालूराम नकवाल, घनश्याम खोखर, अजय कोठियाना, देवा चांवरिया, कपिल कंडारा, लखन चन्नाल, युवराज कंडारा, अंशुल अग्रवाल, सनी लोठ, बंटी मल्होत्रा, कुशाल लोट सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### दूनी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सजाई पोषण रंगोली-संतुलित आहार का दिया संदेश,

## पोषण थाली रही आकर्षण का केंद्र-उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** नगर पालिका सभागार भवन में रविवार को विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा एवं पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक पोषण रंगोली सजाकर और पोषण थाली प्रदर्शित कर संतुलित एवं पौष्टिक आहार का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना चोपदार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा सहयोगिनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने का आह्वान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक चंद्रकांता पारीक ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी देते हुए गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुपोषण से बचाव, गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता, साफ पानी तथा बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतें विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों से लाभ उठाने की अपील की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला शर्मा ने बच्चों के उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय पर टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। नगर पालिका परिसर में सजाई गई पोषण रंगोली एवं प्रदर्शित पोषण थाली कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जाट ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। उन्होंने समय पर टीकाकरण को भी बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता शर्मा, आशा सेन, बाला सेन, अरुण गुगलिया, सहायिका एवं आशा सहयोगिनियों के अलावा वार्ड पार्षद विष्णु तिवारी, राकेश भील, श्याम राजोरा, रामूदेवी माली एवं योगेंद्र चौपदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## गणपति महोत्सव में एमएसपी के राजा की झांकी प्रथम

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** इस वर्ष आयोजित गणपति महोत्सव के चल समारोह में शहरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। नगर परिषद की ओर से चल समारोह में प्रथम तीन झांकियों के परिणाम घोषित किए गए। एमएसपी के पंकज जागा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा घोषित परिणामों में महादेव सांस्कृतिक परिषद की एमएसपी के राजा की झांकी प्रथम रही। वहीं ओछड़ी गेट के राजा की झांकी द्वितीय तथा सूर्यदल के राजा की झांकी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पंकज जागा ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। एमएसपी के राजा की झांकी को प्रथम स्थान मिलने पर योगेश (छोटू) डांगी, रजनीश भांड, घनश्याम डांगी, नवीन जोतवानी, लखन भांड, यशु डांगी, दीपक डांगी, बलराज डांगी, रोनित बूरठ, पंकज लोठ, कैलाश भांड, दुर्गेश डांगी, कन्हैयालाल भांड एवं सोनू भांड सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।



## शहीद भंवरसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं वीरांगना अर्चना कंवर का सम्मान

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर ।** शहीद भंवरसिंह शेखावत स्मारक पर रविवार को शहीद भंवरसिंह शेखावत की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति एनजीओ, नारायणपुर की ओर से शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा देश के लिए उनके अमूल्य बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष महेश चंद सैनी, निदेशक मोनू शर्मा, अशोक सोनी एवं सचिव सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने शहीद भंवरसिंह शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शहीद की वीरांगना श्रीमती अर्चना कंवर को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।उपस्थित लोगों ने वीरांगना के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए शहीद परिवार के त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। समिति के अध्यक्ष महेश चंद सैनी ने कहा कि 'देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों का त्याग और साहस सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। शहीद भंवरसिंह शेखावत का बलिदान हम सभी के लिए गौरव की बात है। हमें उनके आदर्शों और राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में अपनाना चाहिए तथा आने वाली पीढ़ियों को भी वीर शहीदों के बलिदान की गाथा से अवगत कराना चाहिए।' उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवंत रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीद भंवरसिंह शेखावत के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर वीरेंद्रसिंह शेखावत, रघुवीरसिंह, रोशनसिंह, देवेन्द्रसिंह शेखावत, हजारी लाल सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चौधरी - मेवाड़ा कलाल समाज के याराना - दोस्ताना सेवा समिति के तत्वावधान में प्रथम रक्तदान महोत्सव में उमड़ा हुजूम 101 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** / - दोस्ताना सेवा समिति, उदयपुर (मेवाड़ा चौधरी कलाल समाज) की ओर से रविवार को आयोजित प्रथम रक्तदान महोत्सव में महिलाओं, युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। समाज के चित्रकूट नगर स्थित भवन में आयोजित शिविर में 101 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर स्थल पर रवीन्द्रनाथ मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं लोकमित्र ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुरेश डांगी के निर्देशन में तैनात स्टाफकर्मियों ने रक्तदाताओं की प्राथमिक जांचें कर ब्लड ग्रुप जांचकर रक्तदान कराया। याराना - दोस्ताना सेवा समिति के कोषाध्यक्ष श्री शैलेंद्र चौधरी व सदस्य श्री रमेश मालवनिया, श्री रामचंद्र चौधरी, श्री नंदलाल चौधरी एवं श्री नरेश चौधरी ने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि प्रथम रक्तदान महोत्सव में चौधरी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी जनहित के इस उत्सव में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वक्तव्य में बताया कि रक्त किसी भी कारखाने में तैयार नहीं किया जा सकता है। मानव ही रक्तदान कर मानव की जान बचा सकता है। याराना - दोस्ताना सेवा समिति किसी को भी रक्त की जरूरत होने पर हर संभव मदद को तत्पर है। शिविर में खासकर महिलाओं श्रीमती ललिता चौधरी, सोनाली चौधरी एवं ममता चौधरी ने रक्तदान कर महिलाओं व युवतियों को प्रेरित किया। शिविर में न केवल उदयपुर बल्कि जयपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा, मावली, दरोली, कानोड़, गोगुंदा, ढीकली व आसपास के गांवों-कस्बों के युवाओं ने रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। शिविर में समाज अध्यक्ष व याराना-दोस्ताना सेवा समिति के सदस्य श्री लोकेश चौधरी, श्री अशोक चौधरी देबारी, विकास चौधरी भिंडर , एड. बंशीलाल चौधरी, मनोज चौधरी नाई , मनोज जी गोगुंदा, श्री शांतिलाल चौधरी, श्री विनोद जी, एड. राजेश चौधरी ढिंकली, राजमल चौधरी आदि की सक्रिय भागीदारी रही। इस महोत्सव हिन्दू,मुस्लिम, सिख सभी धर्मावलम्बियों ने अपना रक्तदान कर मानवता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की।



### कोटा नागरिक सहकारी बैंक की 62 वीं आमसभा में 62 हजार सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश की घोषणा

# पार्षद और बैंक के वरिष्ठ सदस्य हुए सम्मानित, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे मुख्य अतिथि

## नागरिक सहकारी बैंक प्रगति के पथ पर दर्ज किया 382.18 लाख रूप्ये का लाभ

**कोटा नागरिक सहकारी बैंक ने दर्ज की मजबूत वित्तीय प्रगति, 62 हजार से अधिक सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश की सिफारिश**

**1093.84 करोड़ की कार्यशील पूंजी के साथ 3.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित, एनपीए घटकर 1.98 प्रतिशत**

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 62वीं आमसभा में बैंक की वित्तीय प्रगति, सदस्य हितों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कोटा नागरिक सहकारी बैंक की 62वीं आमसभा एवं सम्मान समारोह रविवार को श्री माहेश्वरी भवन, झालावाड़ रोड पर आयोजित किया गया। समारोह में बैंक की ओर से शहर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ बैंक के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। आमसभा में गत आमसभा 29 सितम्बर 2025 की पुष्टि,वर्ष 2025−26 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन,संतुलित चित्र,लाभहानि खाता,अंकेक्षण रिपोर्ट व खर्चो की पुष्टि आगामी वर्ष का बजट स्वीकृत किया गया। बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में बैंक ने 1093.84 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी के साथ भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक प्रावधान करने के बाद 3.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। आमसभा से स्वीकृति और संबंधित विभाग एवं आरबीआई की अनुमति के बाद सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश वितरित किया जाएगा। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि 1962 में 32 सदस्यों से शुरू हुए बैंक की सदस्य संख्या अब 62,059 तक पहुंच गई है। अध्यक्ष ने बैंक के संस्थापकों एवं प्रमोटर्स को नमन करते हुए कहा कि तत्कालीन संचालक मंडल, प्रशासकों, वर्तमान संचालक मंडल, अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से बैंक ने निरंतर प्रगति की है। अध्यक्ष राजेश कृष्णबिरला ने बताया कि बैंक के प्रगति के पथ पर अग्रसर बताते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में अमानतें 845.36 करोड़, ऋण बकाया 381.66 करोड़ और कार्यशील पूंजी 1093.85 करोड़ रुपये हो गई। इसी अवधि में नेट एनपीए 1.98 प्रतिशत रहा और बैंक ने 382.18 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया। प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने कहा कि बैंक ने सदस्यों और ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखते हुए ग्राहक सेवा और आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं को प्राथमिकता दी है। बैंक में कोर बैंकिंग, सीटीएस क्लियरिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, पीओएस, ई-कॉमर्स तथा रुपे डेबिट कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साइबर सुरक्षा, री-केवाईसी, ग्राहक जोखिम वर्गीकरण और प्रत्येक लेन-देन की मोबाइल सूचना व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाडा ने बताया कि कार्यक्रम में नवनिवार्चित पार्षद,बैंक सदस्यो,समाज संस्था प्रतिनिधियों व पूर्व पार्षदो को सम्मानित किया गया। उपभोक्ता भण्डार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला ने कहा कि बैंक 62 हजार सदस्यो को 10 प्रतिशत लांभांश का वितरण करेंगी, बैंक विकास के पथ पर है।वहीं,नवनिर्वाचित पार्षदो को सीख देते हुए कहा कि आपकी पहचान अपके कार्यो से होनी चाहिए गाडी के आगे पार्षद के बोर्ड नहीं ब्लकि अपने कार्यो से पहचान बनाएं। कोटा नागरिक सहकारी बैंक की 10 कम्प्यूटरीकृत शाखाएं शहरवासियों को आधुनिक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। बैंक की शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं सहज, सरल और त्वरित रूप से उपलब्ध हो रही हैं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि नागरिक सहकारी बैंक को आमजन की बैंक कहा जाता है। बैंक की कार्यप्रणाली ऐसी है कि जरूरतमंदों को सहजता और सुगमता से ऋण उपलब्ध हो सके तथा न्यूनतम कागजी कार्रवाई में ऋण की सुविधा मिल सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा चलाए जा रहे सहकारिता आंदोलन में नागरिक सहकारी बैंक पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। विधायक संदीप शर्मा ने नागरिक सहकारी बैंक की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में बैंक घाटे से निकलकर लाभ अर्जित करने वाली संस्था बना है। बैंक आरबीआई के सभी नियमों का पालन करते हुए सदस्यों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। बैंक की प्रगति उसके आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। विधायक कल्पना शर्मा ने कहा कि नागरिक सहकारी बैंक डिजिटलाइजेशन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैंक की शाखाओं को डिजिटल बनाया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को विभिन्न सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि बैंक के कार्यालय भवन का शिलान्यास सहकारिता मंत्री गौतम दक ने किया था। जल्द ही अत्याधुनिक कार्यालय भवन बनकर जनता को समर्पित किया जाएगा। महापौर अनसूया गोस्वामी ने कहा कि बैंक ने 3.82 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में बैंक निरंतर प्रगति कर रहा है। चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि नागरिक सहकारी बैंक आधुनिक बैंकों को भी टक्कर दे रहा है। बैंक की विकास यात्रा उसके आंकड़ों में दर्ज है। अंत में उपाध्यक्ष हेमराज सिंह ने सभी उपस्थित अतिथी एवं प्रतिनिधि सदस्यो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आम सभा की समाप्ति की घोषणा की। आमसभा में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला,विशिष्ट अतिथि विधायक कल्पना देवी,संदीप शर्मा,भाजपा नेता पंकज मेहता,महापौर अनुसुईया गोस्वामी, उपमहापौर विवेक राजवंशी,देहात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर,मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़,पूर्व महापौर राजीव अग्रवाल, हितकारी सहकारी समिति अध्यक्ष सूरज बिरला, कोटा जिला उपभोक्ता भण्डार के अध्यक्ष अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला,महिला नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष मंजू बिरला,बैठक में उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, बोर्ड संचालक महेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र काबरा, राकेश जैन, शैलेन्द्र ऋषि, महावीर सुवालका, अशोक मीणा, नंदलाल प्रजापति, तनिषा बादल, सहवर्तित संचालक नवनीत जाजू, प्रेम भाटिया,अरूण भार्गव,सहित बीओएम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी, जगदीश जिंदल, महेश अजमेरा तथा सदस्य सुरेंद्र गोयल विचित्र एवं भक्ति निगम, राजेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे।

### सीकर में दो साल से टूटी सड़क नई बनेगी

## दीपावली तक काम पूरा करने का टारगेट, 35 लाख रुपए की आएगी लागत

स्मार्ट हलचल

**सीकर** सीकर की दो साल से टूटी हुई धोद रोड का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। 35 लाख रुपए की लागत से रोड को फिर से नए सिरे से बनाया जाएगा। जिसका दीपावली तक का पूरा होगा। रविवार को सीकर नगर परिषद सभापति खतीजा बानो ने इसका शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व सभापति जीवण खां सहित कई पार्षद मौजूद रहे।



### होम्योपैथिक क्लीनिक से इंडस प्लाईवुड तक टूटी थी सड़क

सभापति प्रतिनिधि जीवण खां ने बताया कि धोद रोड पर होम्योपैथिक क्लीनिक से लेकर इंडस प्लाईवुड तक की सड़क पिछले करीब 2 साल से टूटी हुई थी। नगर परिषद में सभापति की जगह प्रशासक लगने के बाद इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में आमजन को काफी ज्यादा परेशानी हो रही थी। यह सड़क सीकर को लोसल कस्बे से जोड़ने वाली सीधी सड़क है। इस पर वार्ड 28, 29,30 और 36 का हिस्सा भी आता है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए आज इस सड़क का शिलान्यास कर दिया गया है।

### दीपावली तक काम पूरा करने का टारगेट

करीब 35 लाख रुपए की लागत से यह सड़क बनेगी। कोशिश है कि इसका काम दीपावली तक पूरा हो जाए। इसके अलावा आज शहर में भाटी मेंशन के पास वाली गली में भी सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। दीपावली से पहले टारगेट है कि ज्यादातर टूटी हुई सड़कों को ठीक कर दिया जाए।

### कोटा स्टेशन के प्लेटफॉर्म-3 का होगा पुनर्विकास, कई ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदलेंगे

## चार ट्रेनें कोटा नहीं आएंगी, सोगरिया होकर चलेंगी तीन ट्रेनें सोगरिया तक और एक वहीं से होगी रवाना

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर जल्द ही प्रमुख पुनर्विकास कार्य शुरू करने की तैयारी है। सक्षम स्वीकृति मिलने के बाद कार्य के लिए ब्लॉक की तिथि और अवधि घोषित की जाएगी। इस दौरान प्लेटफॉर्म-3 ट्रेनों के आवागमन के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। ऐसे में यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने ट्रेनों के संचालन में होने वाले संभावित बदलाव की अग्रिम योजना तैयार की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि ब्लॉक के दौरान प्लेटफॉर्म-3 पर आने वाली ट्रेनों को आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार प्लेटफॉर्म संख्या 4, 2, 1, 1-ए अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफॉर्म से संचालित किया जाएगा। चार ट्रेनें कोटा स्टेशन नहीं आएंगी: ब्लॉक अवधि में गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल, 14814 भोपाल-जोधपुर, 12181 जबलपुर-अजमेर और 12182 अजमेर-जबलपुर को परिवर्तित मार्ग से सोगरिया होकर चलाने की योजना है। ये चारों ट्रेनें इस दौरान कोटा स्टेशन नहीं आएंगी। सोगरिया से बदलेगा चार ट्रेनों का संचालन: गाड़ी संख्या 19812 इटावा-कोटा, 22984 इंदौर-कोटा और 61634 बीना-कोटा को कोटा के बजाय सोगरिया स्टेशन पर यात्रा समाप्त कराने की योजना है। वहीं गाड़ी संख्या 61633 कोटा-बीना को कोटा के बजाय सोगरिया स्टेशन से रवाना किया जाएगा। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह यात्रियों को पहले से सतर्क और यात्रा की योजना बनाने में मदद करने के लिए अग्रिम सूचना है। ब्लॉक की तिथि एवं अवधि तय होने के बाद प्रभावित ट्रेनों और प्लेटफॉर्म संबंधी विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ब्लॉक अवधि में स्टेशन आने से पहले एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा स्टेशन सूचना प्रणाली से अपनी ट्रेन और प्लेटफॉर्म की अद्यतन जानकारी अवश्य जांच लें।

## बाड़मेर में 37 वीं अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल




**बाड़मेर** । आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाड़मेर में 25 सितंबर से 37वीं अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता बेसबॉलएवं सॉफ्टबॉल क । शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र, मध्य क्षेत्रएवं राजस्थान क्षेत्र की 12 टीमों के करीब 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने ध्वजारोहण एवं मार्चपास्ट में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक मनोहर जी बंसल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मातृभाषा पर गर्व करने तथा हिंदी और संस्कृत का सम्मान करने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता एवं पर्यवेक्षक शिवानंद जी सिंह ने खेलों को अनुशासन, टीम भावना, परिश्रम एवं राष्ट्रभक्ति विकसित करने का माध्यम बताया। इस अवसर पर अंबालाल जोशी, महादेव, भभूत सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य चेतनानंद बोहरा, जिला सचिव बलदेव व्यास, सुनील बोहरा, बालोतरा सचिव कैलाश शर्मा एवं जितेंद्र जोशी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। 'नमामि भारतम्' में रंगारंग प्रस्तुतियां 26 सितंबर को विद्यालय में 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता रणवीर जी भादू एवं जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम ने की। कार्यक्रम में छात्राओं के नृत्य-गीत, सामूहिक गीत, योगासन, शारीरिक क्षमता प्रदर्शन तथा भगत सिंह और अमृता देवी पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के अभिभावकों के साथ उत्तर, मध्य एवं राजस्थान क्षेत्र के खिलाड़ी भैया-बहनों ने भी भाग लिया।

### हिस्सेदारी देने के बाद भी घर के सामने डेरा, वृद्ध दंपती ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

# विधवा बहू और बेटी पर मारपीट व गालीगलौज का आरोप, छोटे बेटे का परिवार 22 दिनों से दूसरे के घर रहने को मजबूर होने का दावा

स्मार्ट हलचल



**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गेरिया गांव में संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर वृद्ध ससुर और उसकी विधवा बहू के बीच विवाद का मामला सामने आया है। 75 वर्षीय अमरनाथ पाल का आरोप है कि बहू को उसके दिवंगत पति के हिस्से की जमीन देने की सहमति के बावजूद वह घर के सामने डेरा डालकर परिवार को परेशान कर रही है। वृद्ध ने बहू और उसकी बेटी पर मारपीट, गालीगलौज और धमकी देने के आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। अमरनाथ पाल के अनुसार उनके दूसरे बेटे राजू ने वर्ष 2004 में कौशांबी जिले के टीकर देऊरी गांव निवासी कल्पना पाल से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद राजू अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रहने लगा था। वृद्ध का आरोप है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। वर्ष 2007 में राजू ने जहरीला पदार्थ खा लिया था और उपचार के दौरान कानपुर में उसकी मौत हो गई। वृद्ध के मुताबिक पोस्टमार्टम में जहरीला पदार्थ खाने से मौत की पुष्टि हुई थी। उस समय बहू के गर्भवती होने और लोकलाज के कारण परिवार ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। वृद्ध का कहना है कि बेटे की मौत के बाद उन्होंने बहू को घर में रखने और विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन वर्ष 2007 में उसके पिता बेटी को लेकर चले गए और ससुरालीजनों से संबंध समाप्त करने की बात कही। अमरनाथ पाल के मुताबिक 5 सितंबर 2026 को विधवा बहू अपनी करीब 18 वर्षीय बेटी के साथ ससुराल पहुंची और छोटे बेटे अजय पाल के मकान के बरामदे में बैठ गई। इसके बाद संपत्ति में अपने पति के हिस्से की जमीन की मांग को लेकर विवाद शुरू हो गया। वृद्ध का कहना है कि उन्होंने विवाद समाप्त करने के लिए वर्ष 2010 में खरीदी गई जमीन में बहू को उसके पति के हिस्से की जमीन देने पर सहमति जताई। आरोप है कि इसके बावजूद विवाद खत्म नहीं हुआ। वृद्ध का कहना है कि गांव की चुनावी रंजिश के चलते कुछ लोग बहू का पक्ष लेकर परिवार को लगातार परेशान कर रहे हैं और छोटे बेटे अजय के मकान पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। अजय पाल के मुताबिक उसने वर्ष 2023-24 में अपने निजी पैसों से मकान का निर्माण कराया था। आरोप है कि बहू और उसकी बेटी के विरोध के कारण वह अपने परिवार के साथ पिछले 22 दिनों से दूसरे के घर में रहने को मजबूर है। अजय का आरोप है कि अपने घर जाने पर उसके साथ गालीगलौज और मारपीट की जाती है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की गई थी वृद्ध का कहना है कि उनके पास कोई पैतृक संपत्ति नहीं है और वर्ष 1972 से वह अपनी ससुराल में रह रहे हैं। इसके बावजूद विवाद खत्म करने के लिए खरीदी गई जमीन में बहू को हिस्सेदारी देने की सहमति दी गई। अब सवाल यह है कि हिस्सेदारी को लेकर बनी सहमति के बाद भी घर के सामने धरना-जैसी स्थिति क्यों बनी हुई है और दोनों पक्षों के बीच विवाद का स्थायी समाधान कब होगा। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि बहू और ससुर के बीच जमीन से संबंधित विवाद है जिसकी सूचना खागा एसडीएम को दे दिया गया है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है अगर मौके पर किसी प्रकार की कोई अशांति पाई जाती है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अजय देवगन का अनोखा अंदाज वायरल,अमृता फडणवीस संग जुहू बीच मे की सफाई

स्मार्ट हलचल

**राजेन्द्र खटीक।** मुंबई-बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन शनिवार को मुंबई के जुहू बीच पर एक खास अंदाज में नजर आए। गणेश विसर्जन के बाद आयोजित 'सी शोर शाइन 2026' सफाई अभियान में अजय देवगन ने भी हिस्सा लिया और समुद्र किनारे खुद कचरा उठाकर सफाई की। इस दौरान उनके साथ अमृता फडणवीस भी मौजूद रहीं। यह अभियान अमृता फडणवीस की संस्था दिव्यज फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। अभियान में बीएमसी कमिश्नर अश्विनी भिड़े समेत कई सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। गणेश विसर्जन के बाद समुद्र तट पर जमा कचरे को हटाने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह पहल की गई



## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल

**भादसोड़ा** - विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत सुथारिया खेड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं एवं महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य तथा जनजागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में भादसोड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक डॉ. शम्भू सुथार, राधे सुथार, भागीरथ जाट एवं लाभार्थियों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति सुथार, सहायिका टीना जाट को तुलसी का पौधा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।



## क्षमा मांगना आसान, लेकिन क्षमा करना कठिन : अनिल ठौरा

### दिगंबर जैन मंदिर विज्ञान नगर में सामूहिक क्षमावाणी समारोह, तपस्वियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक क्षमावाणी समारोह श्रद्धा और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर की पूजन से हुआ। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं तथा तपस्वियों का सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महामंत्री अनिल ठौरा ने कहा कि क्षमा मांगना आसान है, लेकिन क्षमा करना बहुत कठिन है। क्षमावाणी जैन समाज की ऐसी परंपरा है, जो आत्मशुद्धि के साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देती है। अध्यक्ष राजमल पाटौदी ने समाज में बनी एकता को सदैव कायम रखने का आह्वान किया। उन्होंने वर्षभर की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। रितेश सेठी एवं सीताराम अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर 3, 5 और 10 उपवास करने वाले रितेश सेठी, रिंकू गोधा, अमित चीकू, प्रमिला पांडेया, विनोद बाहुबली, रोहित जैन, शुभम जैन, सचिन सेठी, महावीर छाबड़ा, सीमा सेठी, मेला बाई, लोकेश मित्तल, मंजू धनोपिया एवं संजय जैन का सम्मान किया गया। माला लेने का सौभाग्य भंवरलाल ठग, राजमल पाटौदी एवं दिनेश सुरलाया को प्राप्त हुआ। वीतराग महिला मंडल द्वारा दस दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन पीके हरसोरा ने किया। समापन पर भगवान महावीर का अभिषेक किया गया तथा सभी उपस्थितजनों ने गंधोदक ग्रहण कर एक-दूसरे से क्षमा याचना की। इस अवसर पर सकल समाज के विमल जैन नाता, विमल वर्धमान, सुरेश हरसोरा, अरविंद बगड़िया, राजेंद्र ताथेड़िया, डॉ. राजेंद्र जैन, जेके जैन, विनोद जैन टौरड़ी, राजमल हरसोरा, पदम बडला, मनोज जैसवाल, सुरेश चादवाड़, राकेश पाटौदी, पारस सोगानी, राजू गोधा, राकेश चप्पलमन, राजेश मडिया, विमल मडिया, बाबूलाल जैन ट्रेड सेंटर और नरेश वेद सहित समाजजन उपस्थित रहे।



## गणेश महोत्सव की सफलता पर समिति ने शहरवासियों का जताया आभार

### विसर्जन यात्रा के दौरान दुकानों के टीन शेड व एंगल टूटने पर जताई नाराजगी

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी** । श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर 26वें श्री गणेश महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शहरवासियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार जताया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि महोत्सव को सफल बनाने में शहरवासियों ने तन-मन-धन से सहयोग किया, जिसके लिए समिति सभी सहयोगकर्ताओं की आभारी है। समिति ने गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों का भी आभार जताया। साथ ही विसर्जन यात्रा के दौरान सामने आई परेशानियों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से भविष्य में बेहतर समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान कुछ स्थानों पर व्यापारियों की दुकानों के टीन शेड एवं एंगल तोड़े जाने से नुकसान हुआ। उन्होंने प्रशासन से भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति नहीं होने तथा धार्मिक यात्राओं के मार्ग में पहले से उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया। ये रहे मौजूदः प्रेस वार्ता में संरक्षक अशोक चौधरी, अध्यक्ष तनिष्क चौधरी, सचिव राहुल शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह, संयोजक युधिष्ठिर राज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश गेहूंआ, सह-संयोजक विश्वजीत सिंह, सह-कोषाध्यक्ष सानुज चौधरी, सानिध्य अग्रवाल, दिनेश महावर, कुलदीप सिंह राठौड़, सौरभ खंडेलवाल, सत्येंद्र पाराशर, अभिषेक मीणा, आर्यन मुद्गल, रितेश पांडे, योगेंद्र चौहान, राजकुमार गौतम, गौरव दीक्षित एवं अभय शर्मा सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।



## पंजाब में पराली जलाने के शुरुआती 40 मामले, प्रशासन सख्त

पटियाला (एजेंसी)। पंजाब में धान की कटाई के शुरुआती दौर में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। 26 सितंबर तक वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएमएस) और राज्य प्रशासन की निगरानी में कुल 40 मामले दर्ज हुए हैं, जिसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सैटेलाइट और प्रोटोकॉल रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में पराली जलाने की कुल 40 घटनाएं सामने आई हैं। आंकड़ों के मुताबिक, सर्वाधिक 21 मामले अमृतसर जिले में दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 4 खेतों में मौके पर आग लगने की पुष्टि हुई। इसके बाद तरनतारन में 6 और फिरोजपुर में 5 मामले सामने आए। कुल 28 खेतों के भौतिक निरीक्षण में 12 स्थानों पर पराली जलती मिली है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है। कुल 8 मामलों में 40,000 रुपये का पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाया गया है, जिसमें से 10,000 रुपये की वसूली की जा चुकी है। फिरोजपुर (15,000 रुपये), तरनतारन (10,000 रुपये) और अमृतसर (5,000 रुपये) पर प्रमुख जुर्माने लगाए गए हैं। पटियाला जिले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त, 5 मामलों में जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है। वहीं कर्तव्य में कोताही बरतने वाले फिरोजपुर जिले के 4 नोडल और सुपरवाइजरी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिसके बावजूद ऐसी घटनाएं लगातार जारी हैं।

## फगवाड़ा में दुष्कर्म की अफवाह पर छात्रों ने कॉलेज के शीशे और गमले तोड़े

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब के फगवाड़ा में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक छात्रा से फर्जी दुष्कर्म की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शनिवार प्रदर्शन किया और परिसर में तोड़फोड़ की। कपूरथला के वरिष्ठ एसएसपी ने कहा कि पुलिस को इस तरह के किसी अपराध की जानकारी नहीं है। वायरल वीडियो में छात्र खिड़कियों के शीशे एवं गमले तोड़ते और कुछ वस्तुओं में आग लगाते दिखाई दे रहे हैं। छात्रों ने जालंधर-फगवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग को भी बाधित किया। इन अफवाहों के कारण छात्र यहां एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि हमने छात्रों से बात की। उन्हें एलपीयू प्रशासन से कुछ शिकायतें हैं। हमने उनकी बात सुनी है और उनका समाधान कराने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में है। एसएसपी ने कहा कि संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों का कहना है कि उनकी शिकायतों का उचित समाधान नहीं किया जाता। विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## लद्दाख के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? पुलिस फायरिंग बरसी को लेकर भड़के वांगचुक

लद्दाख (एजेंसी)। 24 सितंबर 2025 को हुई हिंसा और पुलिस फायरिंग की पहली बरसी पर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने मीडिया कवरेज, हिंसा की न्यायिक जांच, पीड़ितों के मुआवजे और खुद पर लगाए गए एनएसए के तहत कार्रवाई को लेकर सरकार से जवाब मांगा है। बता दें 24 सितंबर को लद्दाख के कई हिस्सों में बंद रहा और इस दिन को कुछ लोगों ने शहीद दिवस के तौर पर मनाया। पिछले साल हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वांगचुक ने कहा कि 27 सितंबर को पिछले साल वह जोधपुर की जेल में थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान उन्हें पता चला था कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया है। उन्होंने 24 सितंबर को लद्दाख में मनाए गए शहीद दिवस का जिक्र करते हुए मीडिया कवरेज पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि जब लद्दाख में शहीद दिवस मनाया जा रहा था, तब मीडिया ब्लैकआउट जैसा माहौल था। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को कई मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि वहां नहीं पहुंचे। वांगचुक ने सवाल किया कि क्या मीडिया को किसी खबर को दिखाने से रोका जाता है? उन्होंने मीडिया संस्थानों के प्रमुखों से पूछा कि लद्दाख के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

## दो करोड़ की रिश्वत लेते बिचौलिया गिरफ्तार, एडिशनल एसपी भी हिरासत में

उदयपुर (एजेंसी)। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने एक बिचौलिये को दो करोड़ रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी ने इस मामले में एसओजी उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार सोनी को भी हिरासत में लिया है। एसीबी के महानिदेशक ने शनिवार देर रात जारी बयान में बताया कि आरोपी बिचौलिये की पहचान सज्जन सिंह उर्फ टाटला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सज्जन सिंह एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार सोनी के लिए यह रिश्वत ले रहा था। शिकायतकर्ता ने शिकायत दी थी कि उदयपुर नगर निगम के 272 भूखंडों से जुड़े चर्चित मामले में पहले गिरफ्तार आरोपियों को दर्ज मुकदमों में राहत दिलाने, अन्य मामलों में आरोपी नहीं बनाने और गिरफ्तारी के दौरान उनके घरों से मिले ऐसे दस्तावेज लौटाने के बदले दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का ओवैसी पर हमला: देश में फिर पैदा हो गए हैं जिन्ना

### राहुल-सोनिया गांधी पर भी साधा निशाना




**नई दिल्ली , एजेंसी।**
चुनाव आयोग और एसआईआर (एसआईआर) के मुद्दे पर छिड़े सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। गिरिराज सिंह ने ओवैसी द्वारा एसआईआर पर सवाल उठाने पर कड़ा ऐतराज जताकर कहा कि देश में एक बार फिर से जिन्ना पैदा हो गए हैं। उन्होंने ओवैसी पर संविधान में आस्था न रखने का आरोप लगाकर कहा कि बैरिस्टर होने के बावजूद वे एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि यदि इन्हें संविधान पर भरोसा नहीं है, तब क्या देश में शरिया कानून लागू कर दिया जाए?

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर हमला बोलकर केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने दावा किया कि गांधी-नेहरू परिवार पीएम मोदी को इसलिए नहीं पचा पा रहा है क्योंकि वह एक गरीब का बेटा हैं। चुनाव हारने के बाद विपक्ष द्वारा वोट चोरी और ईवीएम पर सवाल उठाने की संस्कृति पर नाराजगी जताकर उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस जीतती है, तब चुनाव सही होते हैं और हारने पर वह संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप मढ़ने लगती है। सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर भी उन्होंने पुराना सवाल दोहराया।

इस बीच, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक बयानबाजी चरम पर है। एक तरफ जहां विपक्ष इस मुद्दे पर लामबंद होकर चुनाव आयोग और सरकार को घेर रहा है, वहीं बीजेपी के तमाम नेता इसका पुरजोर बचाव कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर हार की बौखलाहट में बहाने बनाने का आरोप लगाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने भी मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर हो रहे विरोध को राजनीति से प्रेरित और अफवाह करार दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह विवाद और अधिक तूल पकड़ सकता है, जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव और गहराने के पूरे आसार हैं।

## आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश से बातचीत की गुंजाइश नहीं : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ किया कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले किसी भी देश से बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत शांति का पक्षधर है और बातचीत में विश्वास रखता है, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। यदि कोई देश भारत के खिलाफ आतंकवाद को हवा देता है, तब उस देश से संवाद असंभव है। केंद्रीय मंत्री का सीधा-सीधा इशारा पाकिस्तान की तरफ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने याद दिलाया कि शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसतरह देशों को कड़ा संदेश दिया था जो आतंकवाद को अपनी नीति का साधन बनाते हैं या आतंकियों को पनाह देते हैं। उन्होंने जोर दिया कि जब तक पड़ोसी देश आतंकवाद की राज्य नीति पर कायम रहेगा, भारत भी आतंकवाद के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। रक्षा मंत्री ने देश की रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को केवल आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य नहीं दिया, बल्कि अपने सामर्थ्य पर विश्वास करना सिखाया है। आज डीआरडीओ केवल अनुसंधान संस्थान नहीं, बल्कि उद्योगों, विश्वविद्यालयों और नए उद्यमों को जोड़ने वाला राष्ट्रीय नवाचार मंच बन चुका है। रक्षा मंत्रालय ने नए उद्यमों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमईएस) से 2400 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदारी को मंजूरी दी है, साथ ही नई तकनीक के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

## रांका की गिरफ्तारी पर गहराया विवाद: सीजेपी ने सीएम हिमंत को दी खुली चुनौती

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को खुली चुनौती दी है। यह चुनौती सीजेपी सदस्य आशुतोष रांका और उनकी टीम को गुवाहाटी में हिरासत में लेने के बाद सामने आई है। दीपके ने चेतावनी दी है कि यदि आशुतोष को रिहा नहीं किया गया, तब सीजेपी के सभी सदस्य असम जाएंगे और मुख्यमंत्री उन सभी को गिरफ्तार कर सकते हैं।

सीजेपी सदस्य रांका को उनकी टीम के साथ गुवाहाटी में एक निजी घर से हिरासत में लिया गया। उन्हें अभी तक गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया गया है। रांका ने हिरासत के दौरान दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा डरे हुए हैं, क्योंकि सीजेपी असम के स्कूलों की वास्तविक स्थिति और काजीरंगा में लोगों के अधिकार छीनकर कॉर्पोरेट्स को जमीन, जंगल और पानी सौंपने जैसे मुद्दों को उजागर करना चाहती है। रांका ने वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि सीएम असम विधानसभा चुनावों में हुई कथित धांधली से भयभीत हैं, जिसमें सीटों की सीमाएं बदलकर और नागरिकों को मतदाता सूची से हटाकर हेरफेर हुआ था।

दीपके ने मुख्यमंत्री सरमा पर सीधा हमला कर कहा कि आशुतोष को बिना किसी आरोप के उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर रांका को जल्द रिहा नहीं किया गया, तब वह और सीजेपी के अन्य सदस्य असम आएंगे और सीएम के पास उन सभी को गिरफ्तार करने का विकल्प होगा। सीजेपी नेताओं का दावा है कि उन्हें गुवाहाटी में एक स्वयंसेवक बैठक आयोजित करने से रोका गया था।

रांका ने पुलिस के साथ चलती गाड़ी से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में, मुख्यमंत्री सरमा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीएम उनकी आवाज़ दबाना चाहते हैं क्योंकि वे असम की वास्तविकताओं को सामने लाने से डरते हैं, खासकर शिक्षा क्षेत्र और स्थानीय लोगों के अधिकारों के हनन के संबंध में। रांका ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की यह कार्रवाई उनके डर को दर्शाती है कि देश को असम की सच्चाई का पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि सीजेपी ऐसी धमकियों से डरने वाली नहीं है।

## दीदी ने दिखाए तेवर बोलीं- तुम बंगाल रखो, हम दिल्ली लेने को तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एसआईआर को लेकर जारी बवाल और मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की खबरों के बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा पर आक्रामक हो गई हैं। वह इस मौके का पूरा फायदा उठाकर विपक्षी एकता को मजबूत करने का प्रयास कर रही हैं और केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर तुमने बंगाल लिया है, तो हम दिल्ली ले लेंगे।

ममता बनर्जी ने अपनी जानी दुश्मन रही सीपीएम के साथ भी बातचीत शुरू कर दी है, जो उनकी विपक्षी एकजुटता की पहल की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक होने वाली है, जिसमें चुनाव आयोग से संबंधित मामलों और आगे की रणनीति पर गहन चर्चा की जाएगी। हुगली के सेरमपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संदेश दिया कि विपक्ष की सभी पार्टियों को एक साथ बैठकर चुनाव आयोग और एसआईआर की प्रक्रिया पर एक मजबूत रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं यह संदेश राहुल गांधी तक पहुंचाना चाहती हूं।

मुख्यमंत्री ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के पीछे ज्ञानेश कुमार का हाथ था, और कहा कि जिस तरह ज्ञानेश कुमार को पकड़ा गया है, उसी तरह वह अन्य गलत काम करने वालों को भी पकड़ेंगी। उन्होंने दोहराया कि कुमार को जाना ही होगा, और जब तक वे नहीं चले जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ममता ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने बंगाल पर कब्जा करने की नीयत से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया, जिसके तहत 93 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने दावा किया कि सबसे पहले तृणमूल ने ही सीमा खन्ना की भूमिका को संदिग्ध बताया था, और कहा कि सारे रिकॉर्ड दिए गए हैं, मतदाता सूची से एक-एक करके नाम गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने बंगाल पर कब्जा किया है और वह दिल्ली पर कब्जा करेंगी।ममता बनर्जी ने घोषणा की कि वे एसआईआर के खिलाफ आंदोलन का समर्थन करने वाली किसी भी राजनीतिक पार्टी का साथ देंगी, चाहे उसका राजनीतिक रंग कोई भी हो। उन्होंने एसटीएफ और सीआईडी जैसी एजेंसियों तथा पुलिस की आलोचना करते हुए जनता से कहा, डरिए मत। गिरफ्तारी के लिए तैयार रहिए, खुलकर बोलिए और एकजुट रहिए।

## गडकरी ने आरटीओ में जारी भष्ट्राचार पर चेतावनी.....तब आपकी नौकरी जाएगी

भोपाल (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री परिवहन सेवा योजना के शुभारंभ के मौके पर भ्रष्टाचार और वैकल्पिक ईंधन पर महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने आरटीओ अधिकारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी चेतावनी देकर कहा, बहुत से ऑफिसर गांधीवादी हैं। गांधी जी की नोट दिखाई देती है, तब फटाफट ठप्पा लगा देते हैं। जरा याद रखना। गलत बस सेंशन किया, तब आपकी नौकरी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने 17 सेवाओं को डिजिटल कर दिया है ताकि जनता को आरटीओ कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े और उनका जीवन सुगम हो सके।

सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताकर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नई सुरक्षा व्यवस्था का जिक्र किया। इसके तहत, हर बस के लिए एक अलग चेकलिस्ट तैयार होगी और उस सूची को वाहन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। किसी भी बस का पंजीकरण फिजिकल और वीडियो निरीक्षण के बिना नहीं किया जाएगा, जिससे सुरक्षा मानकों में वृद्धि होगी। इथेनॉल को भविष्य का ईंधन बताकर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मध्य प्रदेश सरकार को मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने समझाया कि ई-20 का अर्थ है पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल का मिश्रण, इस किसान मक्का, धान और कपास के पुआल जैसे कृषि उत्पादों से बनाते हैं। यह व्यवस्था अमेरिका, जर्मनी और जापान सहित 19 देशों में पहले से ही प्रचलित है। केंद्रीय गडकरी ने अपने इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर, स्कूटर और हाइड्रोजन कार के उपयोग का उल्लेख कर बताया कि जल्द ही 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां उपलब्ध होंगी, जिससे देश की पेट्रोल-डीजल आयात पर निर्भरता काफी कम होगी।

## राहुल गांधी हमारे अप्रत्यक्ष स्टार प्रचारक है, वो जहां जाते हैं बीजेपी को फायदा होता है

### -इंदौर में हुए 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर मंत्री विजयवर्गीय ने साधा निशाना



**आगर मालवा, एजेंसी।**
राहुल गांधी हाल में इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। अब प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस कार्यक्रम और राहुल गांधी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने सुसनेर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में हमारी मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए एक रैपर को बुला लिया, खूब जेन-जी किया, फोकट की कॉमेडी की, खूब डांस किया। विजयवर्गीय ने कहा कि हमने कहा क्या जरूरत है इन सबकी। आपके नेता को खड़ा कर दो, उनके नेता ऐसे ही हैं, जहां खड़ा कर दो वहां भीड़ लग जाती है। लोग सुनना चाहते कि पता नहीं कब किधर से आलू डाले और सोना निकाल दे।

उन्होंने कहा कि मुझसे पूछा कि राहुल गांधी आ रहे है, तो मैंने कहा कि इससे तो हमारा फायदा होगा, वो तो हमारे अप्रत्यक्ष स्टार प्रचारक है, वो जहां जाते है वहा बीजेपी को फायदा होता है। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि केंद्र में मोदी सरकार है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव की सरकार है। ये कांग्रेस वाले पैसा कहां से लाएंगे। भाई ये कांग्रेस वाले क्या धंधा करते हैं? मुझसे ज्यादा आप जानते हैं। विजयवर्गीय ने सुसनेर से कांग्रेस के विधायक पर भी तंज कसते हुए घंटी बताया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विजयवर्गीय ने कहा कि आपके यहां के विधायक बड़े व्यवहारिक हैं। मेरे पास आते है और कहते हैं कि ये काम है, वो काम है। मैं उनकी हां में हां मिलाता हूं। कभी ना नहीं करता। उन्हें कड़क मीठी चाय पिलाता हूं। अगर उनका उम्मीदवार जीतेगा तो कागज लाएंगे तो में सब कागज रख लूंगा और जाते-जाते एक बॉक्स दूंगा की उसे सुसनेर जाकर खोलना। वहीं बीजेपी का प्रत्याशी प्रदीप जीता और यह आया तो सभी कागज तुरंत मंजूर कर दूंगा और ये कांग्रेस से जीतकर आएगा। सुसनेर आकर बॉक्स खोलेगा तो उसमें मिलेगी घंटी, अब आप देख लो कि आपको विकास करना है कि घंटी बजवाना है।

## युद्ध के बदलते स्वरूप के साथ हमारी सोच भी बदलनी होगी : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल देश में हथियार बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि भारत लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में अपनी सैन्य ताकत को बनाए रखे और बदलती जरूरतों के अनुसार इस बदलाव में ढाल सके। बदलते युद्ध के दौर में आत्मनिर्भरता विषय पर उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप, तकनीक और उसकी अवधि तेजी से बदल रही है, इसलिए सैन्य क्षमता के विकास और आत्मनिर्भरता पर हमारी सोच को लगातार बदलना होगा।

जनरल सेठ ने आज के युद्धों को रुक-रुक कर होने वाले युद्ध बताया, जिनकी 1971 के युद्ध की तरह कोई स्पष्ट समाप्ति नहीं होती। उन्होंने समझाया कि सैन्य क्षमताएं तैयार करने में वर्षों लगते हैं, जबकि तकनीक बहुत कम समय में बदलती है। इसके बाद चुनौती सिर्फ स्वदेशी हथियार बनाने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की भी है कि सेना में शामिल होने तक वे आधुनिक और उपयोगी बने रहें।

सेना प्रमुख ने भारत की विविध भौगोलिक परिस्थितियों का जिक्र कर कहा कि हमारी सैन्य क्षमताएं देश की अपनी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि कुछ सौ डॉलर के ड्रोन लाखों डॉलर के महंगे सैन्य प्लेटफार्मों के लिए खतरा बन सकते हैं। चूंकि तकनीक अब व्यापक रूप से उपलब्ध है, असली बढ़त इस बात से मिलेगी कि हम विरोधी से कितनी तेजी से नए समाधान खोजते हैं और खुद को बदलते हैं। उन्होंने पुरानी सैन्य प्रणालियों को जल्दबाजी में बेकार मानने के प्रति भी आगाह किया, क्योंकि आधुनिक सेंसर से लैस होकर वे ड्रोन जैसे नए खतरों के खिलाफ प्रभावी हो सकती हैं। जनरल सेठ ने दूर से मार करने और जमीन पर सीधे युद्ध करने, दोनों क्षमताओं की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि जमीन पर नियंत्रण अंततः सैनिक ही स्थापित करता है।

# एसआईआर को लेकर लिया फैसला गलत था, लेकिन हम क्या कर सकते थे?

### ओवैसी ने उठाए सवाल- चुनाव आयोग के फैसले किस तरह लिए गए



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर मतदाता सूची के एसआईआर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वह शुरुआत से ही एसआईआर के खिलाफ रहे हैं और इसे बैकडोर एनआरसी मानते हैं। ओवैसी ने चुनाव आयोग के भीतर फैसले लेने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं।

हैदराबाद में ओवैसी ने कहा कि मैं शुरू से एसआईआर का विरोध करता रहा हूं। मेरा मानना है कि एसआईआर को लेकर लिया गया फैसला गलत था, लेकिन हम क्या कर सकते थे? सुप्रीम कोर्ट ने इसे बरकरार रखा। ओवैसी ने हाल में चुनाव आयोग के भीतर मतभेदों को लेकर सामने आई मीडिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए सवाल किया कि आयोग के फैसले किस तरह लिए गए। उन्होंने कहा कि देश को बताया जाना चाहिए कि कितने फैसले बहुमत से लिए गए? ओवैसी ने दो चुनाव आयुक्तों की ओर से दर्ज आपत्तियों का जिक्र करते हुए पूछा कि अगर कुछ फैसले बहुमत के आधार पर नहीं हुए तो उनकी कानूनी स्थिति क्या होगी?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 मौकों पर अलग-अलग मुद्दों को लेकर रिकॉर्ड पर आपत्तियां दर्ज की थीं। हालांकि चुनाव आयोग का कहना है कि सदस्यों की टिप्पणियां और अलग-अलग राय विचार-विमर्श की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं और अंतिम फैसले सर्वसम्मति से लिए गए। ओवैसी ने एसआईआर की प्रक्रिया से गरीबों को परेशानी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को दस्तावेज खोजने के लिए इधर-उधर भागना पड़ रहा है।

ओवैसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की मौजूदा प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब इससे जुड़ा विधेयक संसद में आया था, तभी उन्होंने इसकी विश्वसनीयता को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने तेलंगाना में एसआईआर की व्यावहारिक दिक्कतों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में एनआरसी नहीं हुआ और स्थायी निवास प्रमाणपत्र की व्यवस्था भी नहीं रही है। ऐसे में लोगों से पुराने रिकॉर्ड और दस्तावेज मांगने से परेशानी बढ़ सकती है। ओवैसी ने प्रक्रिया को ऑनलाइन किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ बीएलओ को घर-घर जाकर नोटिस देने और दस्तावेज लेने हैं, दूसरी तरफ बड़ी संख्या में मामलों को ऑनलाइन संभालना है। उनके मुताबिक इतने बड़े स्तर पर इस प्रक्रिया को पूरा करना बेहद मुश्किल है। ओवैसी इससे पहले भी एसआईआर को बैकडोर एनआरसी बताते हुए नागरिकों से दस्तावेज मांगने और नाम छूटने की आशंका को लेकर सवाल उठा चुके हैं।

# एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में आज होगा भारत और अफगानिस्तान का मुकाबला

**नागोया (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम सोमवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को यहां रैंकिंग के आधार पर सीधे ही क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार हालांकि जापान की धरती पर मिलने वाली अनूठी चुनौतियों के कारण वह अफगान टीम को हल्के में नहीं लेगी। भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। जिस प्रकार यहां हाल ही में जापान की टीम के खिलाफ एक मैत्री मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज सानो की टर्निंग पिच पर संघर्ष करते दिखे थे।

टोक्यो से नागोया तक बुलेट ट्रेन का सफर कर पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया, जो उनके लिए एक नया और सुखद अनुभव रहा। क्रिकेट नहीं खेलने वाले देश में पहली बार खेलना अधिकांश खिलाड़ियों के लिए रोमांचक अनुभव है। नागोया पहुंचने के दौरान बीसीसीआई की वेबसाइट पर श्रेयस अय्यर ने इस अनुभव को खूबसूरत बताया। भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी मजबूत टीम भेजी है, जिसमें अय्यर के अलावा जसप्रीत बुमराह, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट की मौजूदा गहराई को देखते हुए, कुछ विशेषज्ञों ने इस फैसले पर सवाल उठाए थे, उनका मानना था कि टीम का मुख्य लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप होना चाहिए। हालांकि, टीम का लक्ष्य स्पष्ट है: स्वर्ण पदक से कम कुछ भी नहीं।

दूसरी ओर हाल ही में भारत दौरे में तीन मैच हारने से अफगानिस्तान की टीम का मनोबल गिरा हुआ है। इसलिए दारविश रसूली की कप्तानी में टीम नए खिलाड़ियों के थ उतरी है। इस टीम में छह खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलेंगे। अफगानिस्तान पहले ही टूर्नामेंट में दो मैच खेल चुका है; उसने जापान को हराया लेकिन नेपाल के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में




सभी की निगाहें 15 वर्षीय युवा प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी पर टिकी हैं, जो टीम के सबसे युवा सदस्य हैं, हालांकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उन्हें मौका मिलने की उम्मीद कम ही है। भारत को स्वर्ण पदक जीतने के लिए सिर्फ तीन जीत दर्ज करनी होंगी, और टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस चुनौती के लिए तैयार है।

### टीम इस प्रकार है

**भारत :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, विपराज निगम, यश ठाकुर

**अफगानिस्तान :** दारविश रसूली (कप्तान), मोहम्मद इशाक, इमरान मीर, नजीबुल्लाह जदरान, इस्मत आलम, करीम जनत, नांगेयालिया खरोटी, अब्दुल्लाह अहमदजई, खालिद तानीवाल, मोहम्मद अकरम, फरीदून दाउदजई, फरमानुल्लाह सफी, हसन इसाखिल, फैसल शिनोजादा, अरब गुल मोमांद।

# एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय तीरंदाजी टीमें



**नागोया (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इन खेलों में शामिल भारतीय कंपाउंड और रिकर्व मिक्स्ड टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अंतिम चार में जगह बनायी। इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर लास एंजिल्स ओलंपिक के लिए टीम को प्रवेश मिलेगा। इससे ये और भी अहम हो जाता है।

कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में चिकिथा तानिपार्थी और साहिल जाधव की जोड़ी ने सटीक निशाने लगाते हुए राउंड ऑफ 16 में मंगोलियाई टीम को 160-146 से हराया। इसके बाद, क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के खिलाफ मिली 159-154 की जीत के साथ ही सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोद की जोड़ी ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए राउंड ऑफ 16 में यूएई को 6-0 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में वियतनाम के खिलाफ भी 6-0 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी।

इससे पहले, कंपाउंड महिला और पुरुष टीमों ने भी जीत के साथ सही सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिथा तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप की महिला टीम ने क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की रोक्साना यूनुसोवा, विक्टोरिया ल्यान और एडेल जेक्सेनबिनोवा की टीम को 233-230 से हराया जबकि कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणिरत्नम की पुरुष टीम ने भूटान के कंजांग नोरबू, त्सेतुम गेलो और टॉडन दोरजी को क्वार्टर फाइनल में 235-232 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया

कुल मिलाकर, इन खेलों से ओलंपिक खेलों के लिए, आठ कोटा स्थान दांव पर हैं। इनमें रिकर्व पुरुषों और महिलाओं के व्यक्तिगत स्पर्धाओं में दो-दो कोटा जगहें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रिकर्व मिश्रित टीम और कंपाउंड मिर टीम चैंपियनों में से प्रत्येक को पुरुषों और महिलाओं का एक-एक कोटा मिलेगा, जिससे शीर्ष स्थान के लिए संघर्ष और बढ़ गया है।

# नमन धीर एकदिवसीय डेब्यू करने वाले 264वें भारतीय खिलाड़ी बने




**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज रविवार से यहां तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू हुई। इसमें पहले ही मुकाबले में युवा ऑलराउंडर नमन धीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें भारतीय कैप सौंपी, जिसके साथ वह भारत के लिए एकदिवसीय खेलने वाले 264वें और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 422वें खिलाड़ी बन गए हैं।नमन को घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए किए गए अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में अवसर मिला है। अपनी बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से उन्होंने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। उन्होंने अब तक 14 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिनमें 39 के औसत और 106 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 357 रन बनाए हैं। इन मैचों में उनके नाम चार अर्धशतक हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 97 रन रहा है। वहीं गेंदबाजी में भी उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इससे उनकी ऑलराउंड क्षमता दिखती है।

भारतीय टीम चार तेज गेंदबाजों और दो ऑलराउंडरों के साथ मैदान में उतरी। कप्तान शुभमन गिल ने आगे कहा कि आगामी विश्व कप से पहले भारत के पास लगभग 20 एकदिवसीय मैच हैं, और यह समय विभिन्न संयोजनों को आज़माने और खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर देने का है ताकि विश्व कप के लिए सबसे प्रभावी टीम तैयार की जा सके। इस सीरीज से भारतीय टीम के लिए आगामी बड़े टूर्नामेंटों से पहले अपनी रणनीतियों और बेंच स्ट्रेंथ को परखने का अच्छा अवसर है।

# अनाहत एशियाई खेलों के फाइनल में हारी, ओलंपिक का टिकट भी हाथ से निकला

**नागोया (एजेंसी)।** भारत की महिला स्क्वैश स्टार अनाहत सिंह को एशियाई खेलों के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही अनाहत के हाथों से ओलंपिक में खेलने का अवसर भी निकल गया। हांगझोऊ में आयोजित इस स्पर्धा के फाइनल में 18 साल की अनाहत को मलेशिया की अनुभवी शिवसंगरी सुब्रमण्यम ने सीधे गेमों में 3-0 से हरा दिया। इससे अनाहत को रजत पदक ही मिल पाया। इस हार से अनाहत का ओलंपिक खेलने क सपना भी टूट गया। यहां स्वर्ण जीतने पर उन्हें ओलंपिक टिकट मिलत जो अब नहीं मिलेगा। स्क्वैश को पहली बार 2028 लांस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जा रहा है, और इस ऐतिहासिक क्षण



का हिस्सा बनने का मौका अनाहत ने खो दिया।

फाइनल मुकाबले में शिवसंगरी ने अपने अनुभव और सटीक रणनीति का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनाहत पर शुरू से ही दबाव बना दिया और मैच के तीनों गेम 11-4, 11-4 और 11-7 के स्कोर से जीत लिए। अपनी आक्रामक शैली और कोर्ट पर ऊर्जा के लिए जानी जाने वाली अनाहत ने मलेशियाई प्रतिद्वंद्वी के सामने अपनी लय हासिल कर वापसी के प्रयास किये पर असफल रही। । मैच के दौरान शिवसंगरी ने अनाहत को लगातार विनर्स लगाने का कोई बड़ा मौका नहीं दिया और अपनी सधी हुई खेल शैली से उन पर लगातार आक्रमण जारी रखा। इस रणनीति ने अनाहत को अपनी स्वाभाविक खेल शैली में आने का अवसर ही नहीं दिया, जिससे वह वापसी करने में विफल रहीं।

इससे पहले अनाहत ने शनिवार को जापान की दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सातोमी वातानाबे को सेमीफाइनल में हराया था। फाइनल में वह अपनी लय में नहीं दिखीं। वहीं फाइनल में मलेशियाई खिलाड़ी शिवसंगरी ने अपनी रणनीति को पूरी तरह से अमल में लाया। शिवसंगरी ने अनाहत-सातोमी सेमीफाइनल को करीब से देखा था और उसी के आधार पर अपनी रणनीति बनाई, जिससे वह भारतीय खिलाड़ी को अपनी सहज खेल शैली में आने से रोकने में पूरी तरह सफल रहीं।

## एशियन गेम्स 2026 : हरिता भद्रा ने महिलाओं की 200 मीटर रेस में जीता ब्रॉन्ज मेडल




नागोया ।एशियन गेम्स 2026 में भारत की हरिता भद्रा ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है।महिलाओं की 200 मीटर फाइनल रेस में हरिता ने 23.20 सेकंड का समय निकाला और तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

**200 मीटर फाइनल में हरिता का कमाल–** हरिता भद्रा ने एशियन गेम्स 2026 की महिलाओं की 200 मीटर फाइनल स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी रेस को 23.20 सेकंड में पूरा किया।इस समय के साथ हरिता ने पोडियम पर जगह बनाई और ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

**भारत के खाते में आया एथलेटिक्स मेडल–**हरिता भद्रा का यह प्रदर्शन एशियन गेम्स 2026 में भारत के एथलेटिक्स अभियान के लिए महत्वपूर्ण रहा।महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में सिराज को जगह नहीं मिलने से सभी हैरान

तिरुवनंतपुरम ।भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आज से यहां शुरु हुई सीरीज के पहले ही मैच में कई बदलाव कर सभी को हैरान कर दिया।भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अवसर नहीं मिलने से सभी हैरान रह गये। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से उन्हें कुछ राहत मिली।कई विश्लेषकों का मानना था कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण संभालेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल दो ही मुख्य तेज गेंदबाजों प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार के साथ मैदान में उतरी है।प्रसिद्ध कृष्णा के पास 28 एकदिवसीय मैचों का अनुभव है पर युवा गुरनूर बरार ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल 6 ही मुकाबले खेले हैं, जिससे उनका अनुभव काफी कम है। वहीं, 50 एकदिवसीय मैचों का अनुभव रखने वाले सिराज को जगह नहीं मिली।टीम के पास तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी भी हैं।इस मुकाबले में एक और बड़ा फैसला पंजाब के युवा खिलाड़ी नमन धीर को भारतीय टीम में पदार्पण का मौका देना रहा।यह नमन के लिए किसी भी प्रारूप में भारत की तरफ से पहला मैच है।

# पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने पत्नी संग बाबा महाकाल के दर्शन किए, भस्म आरती को बताया दिव्य अनुभव

उज्जैन ।पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने अपनी पत्नी प्रियंका रैना के साथ आज उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किये।दोनों ने मंदिर में आयोजित सुबह की भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।उनके साथ प्रियंका के भाई विवेक और उनकी पत्नी स्नेहा भी मौजूद थीं, जिन्होंने परिवार सहित इस पावन अवसर का लाभ उठाया।भस्म आरती के दौरान पूरा परिवार



भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ नजर आया। भस्म आरती संपन्न होने के बाद रैना ने अपने इस आध्यात्मिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्हें जय श्री महाकाल का उद्घोष करते हुए बहुत अच्छा लगा और उन्होंने दर्शन का भरपूर आनंद लिया।रैना ने मंदिर प्रबंधन और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट और दर्शनार्थियों की सुविधा संभालने वाले सभी लोगों ने बेहद व्यवस्थित और प्रभावशाली तरीके से इंतजाम किए हैं।

रैना ने महाकाल की पूजा संपन्न कराने वाले पुजारियों की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की।रैना ने बताया कि पुजारियों ने ऐसा आध्यात्मिक और भक्तिमय माहौल बनाया कि वहां उपस्थित सभी भक्तगण भगवान महाकाल की भक्ति में पूरी तरह डूब गए।उन्होंने पुजारियों और मंदिर प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि हमने अच्छे तरह दर्शन किये।पूजा भी काफी अच्छे से हुई।साथ ही कहा कि जितने भी लोग यहां पर दर्शन करने आए हैं, उनके लिए काफी अच्छी सुविधा उपलब्ध है।और उससे बढ़िया महाकाल की पूजा में जितने भी हमारे पुजारी थे, उन्होंने सभी कुछ अच्छे से कराया, सब लोगों का आशीर्वाद मिला, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# एशियाई खेलों की स्क्वैश स्पर्धा में भारत के अभय सिंह को रजत

**नगोया (एजेंसी)।** भारत के अभय सिंह को एशियाई खेलों की स्क्वैश स्पर्धा में रजत पदक मिला है। स्क्वैश के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में अभय को मलेशिया के एनग ईन यो के हाथों 9-11, 5-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही एनग ईन यो ने अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा।

इन खेलों में भारत को अब मुक्केबाज में एक कांस्य मिलना तय है जबकि तीरंदाजी और एथलेटिक्स में कई खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे है और इससे भारत को अभी और पदक मिलेंगे।

मुक्केबाजी में अंकुश पंघाल को पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कांस्य पदक मिलना तय है। वहीं तीरंदाजी में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। जिससे वहां भी पदक तय है।

400 मीटर बाधा दौड़ में विथ्या रामराज (55.73 सेकंड, एसबी) और अनु राघवन (55.84 सेकंड, पीबी) दोनों अपनी-अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में पहुंचीं। वहीं, संतोष कुमार तमिलरासन ने भी पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.61 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया और फाइनल में जगह बनाई। सर्फिंग में कमाली प्रकाश, शुगर शांति गायेन और शिवराज बाबू ने अपने-अपने इवेंट के राउंड 3 के लिए क्वालिफाई किया, जबकि तलवारबाजी में भारतीय महिला टीम ने इंडोनेशिया को 45-23 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई और फिर आगे बढ़कर अपनी स्थिति मजबूत की।

वहीं बैडमिंटन में अनुभवी खिलाड़ी पीवी सिंधु महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की चेन यू फेई के हाथों हार के साथ ही पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। इसके अलावा उभरती हुई



खिलाड़ी उन्नति हुड्डा भी क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से कड़े मुकाबले में हार गईं। युगल स्पर्धाओं में भी गायत्री गोपीचंद/ट्रेसा जॉली (महिला युगल) और तनीषा क्रास्टो/ध्रुव कपिला (मिश्रित युगल) अपने क्वार्टर फाइनल मैचों से बाहर हो गए।

निशानेबाज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के प्रिसिजन क्वालीफायर के बाद मनु भाकर 16वें और राही सरनोबत 15वें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने छठे स्थान के साथ चुनौती बनाए रखी।

# जापान के कोच बोले, देश में कबड्डी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही

बैंकाक ।थाईलैंड की पुरुष कबड्डी टीम के कोच रवींद्र शेट्टी ने एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने पर खुशी जताते हुए कहा है कि अब देश में कबड्डी की लोकप्रियता बढ़ रही है।यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता में थाईलैंड का कबड्डी में पहला पदक है।थाई कोच शेट्टी भारत के हैं और उनका मानना है कि इस पदक से साफ है थाईलैंड में कबड्डी की लोकप्रियता बढ़ रही है।थाई टीम को जापान के नगोयो में हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के हाथों से 28-66 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद थाई टीम को कांस्य मिला है। भारतीय टीम ने इस मैच में अपना प्रभाव बनाये रखा, हाफ-टाइम तक टीम ने 37-18 की मजबूत बढ़त ली और अंत में 66-28 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की की। भारतीय टीम ग्रुप-ए में अपने सभी चार मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। पिछले तीन साल से थाईलैंड में कबड्डी की कोचिंग दे




रहे शेट्टी ने कहा कि उन्होंने 2022 हांगझोऊ एशियन गेम्स के बाद वहाँ बिल्कुल शून्य से काम शुरू किया था।उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन वर्षों से वहां कबड्डी की कोचिंग दे रहा हूं।मैंने तीन साल पहले वहां शून्य से शुरुआत की थी।मैंने हांगझोऊ एशियन गेम्स के बाद काम शुरू किया।अब, कबड्डी सीखने के बाद वे आगे बढ़ रहे हैं और थाईलैंड में भी कबड्डी लोकप्रिय हो रही है।रवींद्र ने बताया कि थाईलैंड में जमीनी स्तर पर कबड्डी के विकास ने गति पकड़ी है, खासकर स्कूली प्रतियोगिताओं और युवा कार्यक्रमों के माध्यम से।उन्होंने कहा, अभी, स्कूली स्तर पर कबड्डी शुरू हो रही है। हमारे अध्यक्ष हर चार महीने में युवा खेल आयोजित करते हैं।इसी वजह से कबड्डी का विकास हो रहा है।कोच ने यह भी बताया कि उनकी अकादमी में अभी 60 से ज्यादा युवा खिलाड़ी हैं, जिनमें 35 लड़कियां और 30 लड़के शामिल हैं, जो थाईलैंड के अलग-अलग हिस्सों जैसे बैंकॉक, चोनबुरी और अन्य राज्यों से प्रशिक्षण के लिए आते हैं।

# पीटरसन एकदिवसीय विश्वकप के लिए इंग्लैंड के विशेष सलाहकार बने

**लंदन(एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन को टीम का विशेष सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी पर नजर रखेंगे। मौजूद जानकारी के अनुसार, पीटरसन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली छह मुकाबलों की श्रृंखला से टीम के साथ जुड़ेंगे। इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के दौरों पर भी टीम के साथ काम करेंगे। विश्व कप से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में भी उनकी भूमिका जारी रहेगी।माना जा रहा है कि ने ईसीबी ने पीटरसन को जिम्मेदारी देने के पीछे दक्षिण अफ्रीका में उनके अनुभव को भी अहम कारण बताया है। पीटरसन का जन्म और पालन-पोषण दक्षिण अफ्रीका में हुआ है और अगला 50 ओवर का विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। ऐसे में वहां के हालातों और क्रिकेट माहौल की उनकी समझ इंग्लैंड के लिए उपयोगी मानी जा रही है।

पीटरसन इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के साथ सलाहकार के तौर पर काम कर चुके हैं। 2023 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान वह कुछ समय के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों के साथ भी काम कर चुके हैं। हालांकि, 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई के बाद उनका ज्यादातर समय प्रसारण और क्रिकेट विश्लेषण में बीता है।दिलचस्प बात यह है कि पीटरसन पिछले कुछ समय में इंग्लैंड की टीम व्यवस्था के आलोचक भी रहे हैं। 2025 की शुरुआत में भारत दौरे के दौरान उन्होंने टीम के अभ्यास और ट्रेनिंग के तरीके पर सवाल उठाए थे। पीटरसन ने इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान हैरी ब्रुक को लेकर भी पहले निराशा जताई थी।

# वेस्टइंडीज बोर्ड ने खिलाड़ियों की अनुबंध फीस घटायी

जमैका ।क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की अनुबंध फीस 25 फीसदी कम कर दी है। बोर्ड के अनुसार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सालाना अनुबंध मिलता रहेगा पर उनकी तय फीस पहले के मुकाबले 25 फीसदी कम होगी। वहीं घरेलू खिलाड़ियों को भी अब सात महीने को ही अनुबंध मिलेगा।पैसे की कमी के कारण ही बोर्ड ने पुरुषों की सुपर50 और महिलाओं की टी20 ब्लेज प्रतियोगिताएं रोक दी हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डियरिंग ने कहा कि खिलाड़ियों और वेस्टइंडीज प्लेयर्स एसोसिएशन ने वर्तमान हालातों को समझते हुए सहयोग किया है।उन्होंने माना कि फीस में कटौती सही नहीं कही जा सकती पर इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। बोर्ड के अनुसार पुरुषों की सुपर50 और महिलाओं की टी20 ब्लेज प्रतियोगिताओं को इसलिए आयोजित नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि इन्हें आयोजित करने पर काफी खर्च आता है।गौरतलब है कि सुपर50 वेस्टइंडीज की पुरुष एकदिवसीय टीम तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों के लिए अहम मंच रहा है।ऐसे में इसका रुकना विकास और चयन प्रक्रिया पर भी असर डाल सकता है। वहीं अनुबंध राशि कम होने से टीम के अच्छे खिलाड़ी अब विदेशी लीग की तरह भाग सकते हैं।पहले ही उसके कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम को छोड़कर दुनिया भर की लीग में खेलते हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज को फरवरी-मार्च 2027 में एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर खेलना है। टीम 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी।अब बोर्ड का कहना है कि उसका ध्यान पुरुष टीम को इस क्वालीफायर के लिए तैयार करने पर रहेगा।

# सायना ने ट्राईसिटी मैराथन के अवसर पर फिटनेस और नशा मुक्ति का संदेश दिया

## बोलीं खेल संस्कृति को हर नागरिक तक पहुंचाने की जरुरत



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत की अनुभवी महिला बैडमिंटन स्टार सायना नेहवाल ने रविवार को फिटनेस और नशा मुक्ति का संदेश देने वाली 'एसके ट्राईसिटी मैराथन' को रवाना किया है। इस भव्य आयोजन में करीब 8,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ ही डिजिटल फ्रॉड और नशे के खिलाफ अभियान चलाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सायना ने देश को एक खेल राष्ट्र बनाने की अपनी परिकल्पना साझा की। उन्होंने कहा कि यदि भारत को जापान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों से खेल में प्रतिस्पर्धा करनी है, तो हर किसी को अपनी फिटनेस पर जोर देना होगा। सायना ने युवाओं से कहा है कि कम एक घंटा शारीरिक गतिविधियों को दें, क्योंकि भारत के भविष्य का निर्माण एक स्वस्थ और ऊर्जावान पीढ़ी ही कर सकती है। उन्होंने खेल संस्कृति को हर नागरिक तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि कि मैराथन केवल दौड़ने का एक आयोजन भर नहीं था, बल्कि यह समाज में व्याप्त कुछ गंभीर मुद्दों के प्रति लोगों को सचेत करने का एक मंच भी था। इस दौरान धावकों ने अपनी ऊर्जा और भागीदारी के माध्यम से जहां एक ओर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया, वहीं दूसरी ओर डिजिटल धोखाधड़ी से सावधान रहने और नशे से दूर रहने का स्पष्ट संदेश भी दिया।

प्रतियोगिता के परिणाम भी उत्साहवर्धक रहे, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। पुरुषों की 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में यश राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 घंटा 9 मिनट 5 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद एल/नायक शिवनेश सिंह ने 1 घंटा 24 मिनट 1 सेकंड के साथ दूसरा स्थान और प्रिंस सांगवान ने 1 घंटा 28 मिनट 39 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वहीं महिलाओं की 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में मनदीप कौर ने 1 घंटा 39 मिनट 31 सेकंड में दौड़ पूरी कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस वर्ग में पूजा पांडे ने 1 घंटा 48 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरा और अमनप्रीत कौर ने 2 घंटा 8 मिनट 29 सेकंड के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वहीं, 10 किलोमीटर महिला दौड़ में मुस्कान ने 42 मिनट 38 सेकंड का प्रभावशाली समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। सीता ने 43 मिनट 35 सेकंड के साथ दूसरा स्थान और खुशी ने 45 मिनट 53 सेकंड के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com